आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज़ चैनल
DIGIANA NEWS 122
hathway 598
UCN NEWS 81

• वर्ष- 16 अंक 102 • जबलपुर • शनिवार, 14 मई, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • वैशाख मास शुक्ल पक्ष-13 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935



# गेहूं के निर्यात पर तत्काल रोक

Demo Pic

## लगातार बढ़ती कीमतों के बीच सरकार ने उठाया कदम

**नई दिल्ली** ।गेहूं की बढ़ती कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। शनिवार को सरकार ने गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से बैन लगा दिया। गेहूं को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है। सरकार की ओर से कहा गया है कि देश की खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। साथ ही पड़ोसी देशों और गरीब देशों को समर्थन करने के लिए भी ऐसा करना जरूरी था। इस बीच आपको बता दें कि जिन देशों को पहले ही इसके निर्यात की अनुमति दी जा चुकी है, उन्हें इसका निर्यात जारी रहेगा।

24 घंटे खबरों से अपडेट रहने के लिए जुड़े रहे
WWW.yashbharat.co.in

### डीजीएफटी की अधिसूचना में दी गई जानकारी

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कहा है कि इस अधिसूचना की तारीख या उससे पहले जिस खेप के लिए अपरिवर्तनीय ऋण पत्र (एलओसी) जारी किए गए हैं, उसके निर्यात की अनुमति होगी। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग से पूरी दुनिया में गेहूं की कीमतों में जोरदार इजाफा हुआ है। भारत में भी घरेलू स्तर पर गेहूं की कीमत बढ़ी है। कई प्रमुख राज्यों में सरकारी खरीद की प्रक्रिया काफी सुस्त चल रही है और लक्ष्य से काफी कम गेहूं की खरीदारी हुई है। इसकी वजह यह है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ज्यादा कीमत बाजार में मिल रही है।

### अप्रैल महीने में रिकॉर्ड गेहूं का निर्यात हुआ

गौरतलब है कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक। देश ने वित्त वर्ष 2021-22 कुल 70 लाख टन गेहूं का निर्यात किया, जबकि बीते अप्रैल महीने की बात करें तो भारत ने रिकॉर्ड 14 लाख टन गेहूं का निर्यात किया है।

### प्याज प्रतिबंधित श्रेणी से बाहर आई



बता दें कि रूस-यूक्रेन जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गेहूं की कीमता में 40 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है, जिससे गेहूं का निर्यात बढ़ा है। इसके अनुरूप घरेलू स्तर पर मांग बढ़ने के बीच गेहूं और गेहूं के आटे के दाम भी आसमान छू रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल के मुकाबले आटे की कीमत में अब तक करीब 13 फीसदी की तेजी आ चुकी है। गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से बैन लगाने के साथ ही डीजीएफटी ने एक दूसरी अधिसूचना में जानकारी दी कि प्याज के बीज की निर्यात नीति में भी बदलाव किया गया है और इसे तत्काल प्रभाव से सीमित श्रेणी के तहत रखा गया है। यहां बता दें कि इससे पहले प्याज के बीज का निर्यात भी प्रतिबंधित श्रेणी में था।

## गुना में काले हिरण के शिकारियों से मुठभेड़, आईजी को हटाया

# एसआई समेत 3 पुलिसकर्मी शहीद

**गुना।** गुना के आरोन में शिकारियों से हुई मुठभेड़ में तीन पुलिस कर्मी शहीद हो गये हैं। पुलिस टीम में शामिल ड्राइवर गंभीर रूप से घायल है। घटना शनिवार तड़के 3 से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में शिकारी नौशाद मेवाती मारा गया है। एस आई राजकुमार जाटव के हाथ में गोली लगने के बाद भी उन्होंने कई राउंड फायर किए।

घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। घटनास्थल पर देरी से पहुंचने पर ग्वालियर के आई अनिल शर्मा को हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि आईजी ग्वालियर से तब निकले जब पता चला की सीएम ने भोपाल में मीटिंग बुलाई है । सुबह नौ बजे रवाना हुए थे ग्वालियर से । क़ानून व्यवस्था की जगह ज़मीन मकान कालेज में रुचिरखते थे। मध्यप्रदेश सरकार ने तीनों पुलिसकर्मियों के परिवार को 1-1 करोड़ का मुआवजा देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अपराधियों की पहचान हो गई है। पुलिस फोर्स को भेजा गया है। ऐसी सख्त कार्रवाई होगी कि इतिहास में उदाहरण बनेगी । पूरी जांच चल रही है। पास के गांव में एक शव भी बरामद हुआ है। गोली लगने से मौत हुई है, लेकिन घटना की पूरी जांच हो रही है SP राजीव कुमार मिश्रा का कहना है कि सगा बरखेड़ा की तरफ से बदमाशों के जाने की सूचना मिली थी। इनकी घेराबंदी के लिए 3-4 पुलिस टीम लगाई गई थीं। जंगल में 4-5 बाइक से बदमाश जाते हुए दिखे। पुलिस ने घेराबंदी की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की।





### काले हिरण के शिकार के लिए आए थे आरोपी!

वाहन चालक लखन गिरी को गंभीर स्थिति में यहां जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के हमले के बाद पुलिस के साथ उनकी मुठभेड़ भी होने की सूचनाएं हैं। बताया गया है कि बदमाश इस इलाके में कथित तौर पर काले हिरण के शिकार के लिए आए थे। फिलहाल इन तीनों पुलिसकर्मियों के शवों को पोस्टमार्टम में रख दिये है इसके साथ ही इस बड़ी घटना को लेकर सभी प्रशासन के अधिकारी जांच में जुट गए हैं।

## परिजनों को एक-एक करोड़ देने का ऐलान

### *गृह मंत्री बोले- ऐसी कार्रवाई करेंगे, जो नजीर बनेगी*

*गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि हमारे परिवार के तीन जांबाज सदस्यों की मौत हो गई। अपराधी कोई भी हो, पुलिस से बच के जा नहीं सकते। कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सख्त से सख्त कार्रवाई हमलावरों पर की जाएगी। ऐसी कार्रवाई करेंगे, जो नजीर बनेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खुद घटना की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की पुलिस मुस्तैदी से जान की बाजी लगाकर कर्तव्य निर्वहन कर रही है । रात्रि में भी पुलिस पेट्रोलिंग नियमित व निरंतर हो रही है इसीलिए शिकारियों को घेर पाए।*



मुख्यमंत्री सख्त

### अंतिम संस्कार में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री

इसमें सब इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव, आरक्षक नीरज भार्गव और आरक्षक संतराम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। शिकारियों के पास से पांच हिरण और एक मोर के अवशेष जब्त किए हैं। स्ब्ब राजकुमार जाटव का अंतिम संस्कार अशोकनगर में होगा। आरक्षक संतराम का श्योपुर में, आरक्षक राजीव भार्गव का अंतिम संस्कार गुना में ही किया जाएगा। शहीदों के अंतिम संस्कार में जिलों के प्रभारी मंत्री शामिल होंगे।

## एसपी समेत पूरा थाना और चौकी स्टाफ को हटाया

**सिवनी आदिवासी हत्याकांड में सीएम का बड़ा एक्शन**

**भोपाल।** सिवनी में हुई आदिवासियों की हत्या के मामले की जांच एसआईटी करेगी। साथ ही इस मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिवनी एसपी को हटाने के निर्देश दिए हैं। कुरई थाने और बादलपार चौकी के पूरे स्टाफ को भी हटाने के लिए कहा है। सिवनी जिले की कुरई तहसील के सिमरिया गांव में गोमांस तस्करी के शक में तीन आदिवासियों को लाठियों से जमकर पीटा गया था। इसमें दो की मौत हो गई थी, वहीं एक युवक घायल है। ग्रामीणों ने बजरंग दल से जुड़े लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया था।

### मैरिज एनिवर्सरी पर सेक्स के दौरान पत्नी की मौत

## छिंदवाड़ा में मर्दानगी को चैलेंज करने पर पति के वहशीपन ने ले ली जान

**छिंदवाड़ा ।** छिंदवाड़ा में एक शख्स ने सेक्स करते-करते पत्नी की जान ले ली। इसी दिन उनकी मैरिज एनिवर्सरी भी थी। दोनों ने पहले शराब पार्टी की। इसके बाद सेक्स पॉवर को चैलेंज करने पर पति वहशी बन गया और पत्नी के साथ अननेचुरल सेक्स करने लगा। इसी दौरान प्राइवेट पार्ट से अधिक खून बहने से पत्नी बेहोश हो गई, बाद में उसने दम तोड़ दिया। बयानों के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर गिरफ्तार किया है। मामला 10 मई को बिजोरी गुमाई का है। उमरेठ थाना प्रभारी बलवंत कौरव ने बताया कि बिजौरी गुमाई में रहने वाली 42 साल की महिला का शव उसी के घर में निर्वस्त्र हालत में मिला था। बेटे के बयान के आधार पर महिला के पति कलीराम मरकाम (45) से पूछताछ की गई। इसके बाद कलीराम ने क्रूरता की जो कहानी बताई, उसे सुनकर पुलिस वालों के हाथ-पैर फूल गए। पति ने पुलिस को बताया 10 मई को उनकी शादी की सालगिरह थी। इस खुशी में दोनों ने साथ में शराब पीकर जश्न मनाया। इसके बाद नशे में बेकाबू होकर पति ने पत्नी से संबंध बनाए। उसने अननेचुरल सेक्स भी किया। इससे वह काफी देर तक वो तड़पती रही। अत्यधिक खून बहने से मौत हो गई।

### तड़पता छोड़ घर से भाग निकला

*पत्नी की हालत देखकर पति घबरा गया और तुरंत घर के बाहर चला गया। उसने पत्नी के कपड़े भी दूसरी जगह फेंक दिए। कपड़ों पर खून के निशान देखकर कुछ लोगों ने महिला के बेटे को इस बारे में सूचना दी। जब वह मौके पर पहुंचा तो मां को मृत पाया। इसके बाद उसने पुलिस को खबर कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी संजीव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आनी बाकी है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। महिला का पीएम दो डॉक्टर की टीम ने किया। इस दौरान महिला के शव के अंदरुनी हिस्सों में गंभीर चोट के निशान मिले हैं।*

### राज्यसभा चुनाव

## भाजपा-दिल्ली से होंगे नाम तय

### मप्र की दोनों सीटें लेने की तैयारी में

## कांग्रेस में भी कवायद तन्खा का नाम आगे

**भोपाल।** मप्र में अगले महीने 10 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस में 3 सीट पर चेहरों की तलाश तेज हो गई है। राज्यसभा के लिए भाजपा के हिस्से में दो सीट जाना तय है, जबकि एक सीट कांग्रेस के पास रहेगी। भाजपा में दोनों सीट पर नाम पर अंतिम मुहर लगाने के लिए केंद्रीय नेतृत्व की बैठक दिल्ली में होगी। भाजपा में वर्तमान समीकरणों के हिसाब से एक सीट केंद्रीय नेतृत्व के हिस्से में जा सकती है, लेकिन प्रदेश संगठन ताकत से लगा है कि दोनों सीट प्रदेश के पास हो। भाजपा संगठन ने राज्यसभा सीट के लिए चेहरों की तलाश शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का नाम दावेदारों में सबसे मजबूत है। इसके पहले प्रदेश से राज्यसभा की 3 सीट पर केंद्रीय मंत्री भेजे गए हैं। प्रदेश संगठन का जोर है कि एक सीट से दलित चेहरा व दूसरे से किसी सामान्य या ओबीसी को भेजा जाए। हिन्दुत्व कार्ड चला तो जयभान सिंह पवैया का नाम अचानक सामने आ सकता है। कैलाश विजयवर्गीय, लाल सिंह आर्य व कविता पाटीदार के नाम भी है। कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा का नाम लगभग तय है। प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर गरमाई राजनीति के बीच पार्टी में वरिष्ठ नेता अशोक सिंह का नाम चर्चा में आया है।



# भट्टी की तरह तप रहा मध्य प्रदेश

## कई शहरों में हीटवेव की चेतावनी

**भोपाल।** देश में गर्मी का कहर जारी है। पिछले कई दिनों से पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है। मौसम विभाग ने शनिवार को कई शहरों के लिए हीटवेव की चेतावनी जारी की है। विभाग का कहना है कि राजस्थान, दिल्ली, मप्र सहित कई शहरों में पारा 45 डिग्री के पार जाने की संभावना है। इससे लोगों को काफी परेशानी होगी। हालांकि, इस साल देश में मानसून के समय से पहले आने का अनुमान है। मध्यप्रदेश में भी झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। शुक्रवार को प्रदेश का नौगांव 48 डिग्री तापमान के साथ दुनिया का 7वां सबसे गर्म शहर रहा। बीते 16 साल में ऐसा पहली बार है, जब मई का पहला पखवाड़ा इतना तपा है। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को 27 जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें भोपाल भी शामिल है। सिवनी में मौसम का मिजाज एकदम उलट रहा। यहां दिन का तापमान 9.2 डिग्री तक गिरा है, वहीं रात का तापमान 6.7 डिग्री तक लुढ़का है। 24 घंटों के दौरान प्रदेश के मंडला, बालाघाट जिलों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई। अगले 24 घंटों में भी यहां आंधी-पानी की संभावना है। मौसम विभाग ने आधे से ज्यादा जिलों में लू के लिए चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार पड़ोसी राज्यों से आ रही गर्म हवाएं तापमान बढ़ा रही हैं।



24 घंटे खबरों से अपडेट रहने के लिए जुड़े रहे
WWW.yashbharat.co.in



### मंदिर में लगे एसी-कूलर

मध्य प्रदेश के निमाड़ मालवा क्षेत्र में भी सूरज तप रहा है। खरगोन में पारा 46 से 47 तो वहीं खंडवा में 45 से 46 डिग्री तक पहुंच चुका है। इस गर्मी से आम से लेकर खास तक सभी परेशान हैं। हालत यह हो चुकी है कि भीषण गर्मी से भगवान को बचाने के लिए भक्तों ने मंदिरों में एसी और कूलर लगवा दिए हैं।खंडवा में शुक्रवार को पारा 46 डिग्री के पार हो गया। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों में कूलर ओर एसी का उपयोग कर रहे है। ऐसे में भगवान को गर्मी से बचाने के लिए मंदिरो में भी भक्तों द्वारा कूलर और एसी लगाए गए है। ताकि भगवान को गर्मी का अहसास न हो। खंडवा के प्रमुख मंदिरों में भगवान की प्रतिमा के सामने कूलर और एसी स्थापित किए हैं।


## जादू-टोने के शक पर मामा को कुल्हाड़ी से काटा

**सिर लेकर चार किमी चलता रहा भांजा**

**सीधी,** ।सीधी जिले में एक बार फिर रिश्ता शर्मसार हुआ है। रिश्ते के भांजे ने जादू टोना के शक पर अपने मामा का सिर धड़ से अलग कर दिया। मन में इतना गुस्सा था कि सिर को लेकर गांव की ओर चल दिया। सूचना मिलते ही तत्काल पहुंची पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। घटना जमोड़ी थाना अंतर्गत कारीमाटी गांव शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजुलता पटले मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी रही है। थाना प्रभारी शेषमणि मिश्रा अपनी टीम के साथ पहुंचकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से आसपास के गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। बता दें कि जादू टोना से परेशान रावेंद्र सिंह गोड़ शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपने रिश्ते के मामा मकसूदन सिंह गोड़ 60 वर्ष के कारीमाटी स्थित घर पहुंचा। दोनों के बीच जादू टोना को लेकर बातचीत शुरू हुआ और देखते ही देखते रावेंद्र सिंह ने कुल्हाड़ी रिश्ते के मामा के सिर को धड़ से अलग कर दिया। मन में इतना गुस्सा भरा हुआ था कि वह सिर और कुल्हाड़ी को हाथ में लेकर गांव की ओर निकल पड़ा। ऐसा करते देख गांव के लोग डर गए और इसकी सूचना पुलिस को दिया ।आरोपित युवक मामा मकसूदन के घर में घटना को अंजाम देने के बाद करीब चार किलोमीटर तक सिर और कुल्हाड़ी को लेकर पैदल कारी माटी गांव से नेबूहा पश्चिम टोला तक पहुंच गया।

### बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा


## दिल्ली अग्निकांड में 2 गिरफ्तार अब तक 27 मौतें, 19 लापता



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के मुंडका इलाके में शुक्रवार शाम चार मंजिला इमारत में लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई और 12 लोग घायल हैं, जिन्हें ग्रीन कारिडोर बनाकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता डीसीपी अन्येष राय ने 26 लोगों के मरने की पुष्टि की है। अब भी 19 लोग लापता बताए जा रहे हैं। मृतकों में दमकल विभाग के दो कर्मचारी भी शामिल हैं। वहीं, 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम इमारत के मालिक हरीश गोयल और वरुण गोयल को हिरासत में ले लिया। मौके पर दमकल विभाग के सैकड़ों कर्मी 30 से ज्यादा गाड़ियों के साथ देर रात तक आग पर काबू पा सके। र पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आग को रात करीब 10 बजे नियंत्रित कर लिया गया था। अधिकारियों के मुताबिक इमारत में 150 से ज्यादा लोग मौजूद थे। मामले में जांच आगे बढ़ाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इमारत के मालिक मनीष लाकड़ा से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। मृतकों में कुछ की पहचान नहीं हो पाई है।

### कांग्रेस चिंतन शिविर

## सोनिया ने खींची लक्ष्मण रेखा, यहां खूब बोलिए, पर बाहर एक ही संदेश जाना चाहिए




**उदयपुर** । आप यहां खुलकर अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन बार यही संदेश जाना चाहिए कि संगठन एक है। कांग्रेस के चिंतन शिविर के उद्घाटन भाषण में सोनिया गांधी ने अनुशासन की लक्ष्मण रेखा खींचते हुए पार्टी के नेताओं से कर्ज उतारने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हम सभी को बहुत कुछ दिया है और अब उसका कर्ज लौटाने की बारी है। सोनिया गांधी ने कहा कि हमें यह करना होगा कि यहां से जब निकलें तो नई ऊर्जा, नई प्रतिबद्धता और प्रेरणा के साथ निकलेंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता को एक बार फिर से कांग्रेस से बड़ी उम्मीदें हैं और हमें उनको पूरा करने दिखाना होगा। सोनिया गांधी ने इस दौरान मोदी सरकार पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज मुस्लिमों पर देश भर में अत्याचार हो रहे हैं। वे भी बराबर के शहरी हैं और उन्हें भी समान अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि कमजोर वर्ग के लोग आज उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। खासतौर पर दलितों को सजा दी जा रही है। सोनिया गांधी ने कहा कि मोदी सरकार के राज में देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है और नोटबंदी के बाद से ही लगातार गिरावट का दौर जारी है। उन्होंने कहा कि लोग अब यह मान चुके हैं कि हमें नौकरियां नहीं मिलने वाली हैं।

24 घंटे खबरों से अपडेट रहने के लिए जुड़े रहे
WWW.yashbharat.co.in

### मप्र में निकाय चुनाव

## 17 मई को सुप्रीम कोर्ट में साफ होगी तस्वीर




**भोपाल** ।मध्य प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत (ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत) और नगरीय निकाय (नगर परिषद, नगर पालिका और नगर निगम) के चुनाव अभी होंगे या नहीं, इसकी तस्वीर मंगलवार (17 मई) को सुप्रीम कोर्ट में साफ होगी। प्रदेश सरकार ने ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव कराने के संबंध में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुनर्विचार का आवेदन लगाया है। इस पर सुनवाई 17 मई को नियत की गई है। गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि पुनर्विचार आवेदन के साथ ही मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने ट्रिपल टेस्ट की वार्डवार रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई है। इसमें प्रत्येक निकाय में ओबीसी की स्थिति को लेकर तथ्यात्मक जानकारी दी गई है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के कराने का आदेश दिया था। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग को दो सप्ताह यानी 24 मई तक चुनाव की अधिसूचना जारी करने के लिए कहा। आयोग ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। कलेक्टरों व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी हो चुकी है।

# कमलनाथ के एक और फैसले को बदलने की तैयारी

## नगरीय निकायों के अध्यक्ष महापौर के सीधे निर्वाचन का अध्यादेश हो सकता है जारी



**जबलपुर यशभारत। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नगरीय निकायों के चुनाव के लिए जारी निर्देश के बाद शिवराज सरकार पिछली कमलनाथ सरकार के एक और निर्णय को बदलने के लिए अध्यादेश लाने की तैयारी जल्द कर रही है। जिसमें नगरीय निकायों के अध्यक्ष महापौर के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने को लेकर है। इसके लिए शिवराज ने केविनेट से चर्चा कर ली है।**

उल्लेखनीय है कि 2019 में आई कमलनाथ सरकार ने शिवराज सरकार के 15 साल पुराने फैसले को बदल कर नगरीय निकायों के अध्यक्ष महापौर के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का नियम विधानसभा में पारित करवा लिया था।शिवराज सरकार ने आते ही इन चुनावों को प्रत्यक्ष प्रणाली यानी सीधे जनता से चुने जाने के लिए अध्यादेश जारी करवा दिया था।लेकिन वह अध्यादेश विधानसभा में पारित नहीं होने से6 माह बाद स्वमेव निष्प्रभावी हो गया था। हाल ही में शिवराज सरकार की आरक्षण संबंधी याचिका सुप्रीम कोटज़् ने स्वीकार कर ली है।अब शिवराज सरकार नगरीय निकायों के अध्यक्ष महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का अध्यादेश लाने में जुटी है।भाजपा के शीर्ष नेताओं का मानना है कि इससे उनकी पाटीज़् को फायदा होगा।



## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों का सम्मान

# महामारी में किये शौर्य, पराक्रम व त्याग की सराहना जरूरी

जबलपुर। अभी तक हमारा दिमाग इस बात को स्वीकार करता है कि शौर्य, पराक्रम व त्याग केवल सीमा पर जवान ही करते हैं, निश्चित रूप से वे तो हमारे आदर्श हैं ही किंतु इस कोविड महामारी में नर्सिंग स्टाफ द्वारा अपने परिवार को,अपनी जान जोखिम में डालकर जिस शौर्यता पराक्रम व त्याग का प्रदर्शन किया गया है उसके लिये कम से कम उनकी सराहना तो निश्चित ही की जाना चाहिये। आपके द्वारा किया गया यह कार्य बैंक बैलेंस से बड़ा पुण्य का बैलेंस आपके तथा आपके परिवार के लिये एकत्रित करेगा। हम सभी के सदैव सुखी, सम्पन्न व स्वस्थ रहने की कामना करते हैं। उक्त उद्गार इंडियन रेड क्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष



सौरभ बड़ेरिया ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में व्यक्त किये। उक्त कार्यक्रम में बड़ेरिया मेट्रो प्राइम अस्प के फाउंडर शंभू दयाल बड़ेरिया ने उपस्थित नर्सों को शुभकामनायें व आशीर्वाद दिया। उक्त अवसर पर अस्पताल के डायरेक्टर राजीव बड़ेरिया, यतिन्द्र महिधर, डॉ. शैलेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. अरविन्द जैन, डॉ. सुनील मिश्रा, डॉ. मृदुला महिधर ने सभी नर्सों को अपनी शुभकामनायें व आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में नर्सिंग सुपरिटेंडेंट श्रीमति सुषमा भावे, सुपरवाईजर सुरेन्द्र पटले एवं सतीश सिंह आदि सहभागिता रही। उक्त कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाली नर्सों नीलू बर्मन, लता पटेल, सरोज कुमारी, भागीरथ, दीपा नाथ, तनू पीपरा, ज्योति तिवारी, अंकिता गुप्ता, पूजा पटेल व रजनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अस्पताल की नर्सों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# नि:शुल्क जल प्रदाय व्यवस्था का लोकार्पण



जबलपुर। बरगी पॉवर हाउस के नजदीकी ग्राम बिजौरा में पेयजल की भीषण समस्या रही है। यहाँ स्थायी जल स्रोत / जल प्रदाय सेवा के अभाव में ग्राम वासी पॉवर हाउस से पानी भरकर ले जाते रहे इस समस्या को सुलझाने हेतु म प्र पावर जेनरेटिंग कंपनी ने विद्युत गृह से 2फीट की पाइपलाइन (लगभग 125 मी. लम्बी) बिछाकर बिजौरा में तीन नल लगा दिये है जहाँ वर्ष भर पानी उपलब्ध रहेगा। इस कार्य में कोई अतिरिक्त खर्च नहीं हुआ न ही कोई बिजली की खपत होगी। इसे विद्युतगृह के कार्मिकों एवं ग्रामवासियों ने मिलकर पूर्ण किया। मप्र पावर जेनको के प्रबन्ध संचालक मनजीत सिंह ने संचालक वाणिज्य प्रतीश दुबे, मुख्य अभियंता एस. के. शुक्ला, मुख्य वित्तीय अधिकारी स्वेश शाह अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सैकड़ों ग्रामवासियों की उपस्थिति में नि:शुल्क जल प्रदाय व्यवस्था का लोकार्पण किया। ग्रामवासियों में इस जल सेवा के प्रारंभ होने से अत्यन्त सर्व व्याप्त है।



## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में आशीष अहिरवार बने संभागीय सोशल मीडिया प्रभारी

जबलपुर। भाजपा नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर की अनुशंसा सभाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में आशीष अहिरवार को संभागीय सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश से मिली जिम्मेदारी इसके पूर्व में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा महानगर आईटी सेल के संयोजक रह चुके हैं आशीष अहिरवार मोर्चे में आईटी सेल के संयोजक रहते सक्रियता को देखते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जाटव ने जिम्मेदारी दी है।

# डिमांड पूरी नहीं की तो पत्नी को मार-मारकर किया अधमरा



**जबलपुर, यशभारत। सिहोरा में दहेज प्रताडऩा का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। आरोपी पति विवाह के दौरान कम दहेज मिलने का ताना मारते हुए पत्नी को मार-मारकर अधमरा कर दिया और जब इतने से भी उसका मन नहीं भरा तो सास से भी मारपीट कर दी। जिसके बाद आनन-फानन में पीड़िता को मेडिकल में भतीज़् किया गया, जहां उसे परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भतीज़् किया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम कर, जांच में लिया है।**

जानकारी अनुसार एक निजी अस्पताल पहुंची पुलिस को घायल 30 वषीज़्य महिला निवासी मदर टैरेसा चुंगीनाका के पिता रामेश्वर प्रसाद निवासी पठानी मोहल्ला सिहोरा ने बताया कि उसकी बेटी प्रीति तिवारी की शादी जुलाई 2018 में योगेश तिवारी निवासी मदर टैरेसा नगर कंटगी नाका से हुयी थी । शादी के कुछ दिन बाद उसकी बेटी को सास उमा तिवारी, जेठ लक्की तिवारी पागल कहकर मारपीट करते थे तथा काम करने को लेकर आये दिन लड़ाई झगड़ा करते थे उसकी बेटी ने आकर उसे बताया था, लेकिन उसने बेटी को समझाकर ससुराल भेज दिया था । उसकी बेटी ने मौसी को फोन से बताया था कि ससुराल वाले बहुत परेशान करते हैं आये दिन मारपीट करते हैं । उसके दामाद योगेश तिवारी उसकी बेटी प्रीति तिवारी एवं नातिन सानवी उसके घर आये थे, दामाद गाली गलौज करते हुये कहने लगा कि प्रीति मेरे ऊपर शक करती है प्रीति को समझाओ, उसने गाली देने से मना किया । योगेश गुस्सा होकर प्रीति के साथ गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा। उसने बीच बचाव करने में उसे भी चोट आई। योगेश जान से मारने की धमकी देकर नातिन को लेकर चला गया था।

### दहेज क्यों नही लाई

जानकारी अनुसार पिता ने बताया कि उसकी बेटी ने बताया कि योगेश ने दहेज नहीं लाने की बात पर से गाली गलौज कर मारपीट की थी । जिससे वह सिर के बल किचन में बनी पट्टी में गिर गयी थी जिससे सिर लहूलुहान हो गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मेडिकल से बेटी को एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया है। जहां वह बेहोश है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज भी मिट्टी बचाओ अभियान में शामिल




**जबलपुर।** पनागर। दुनिया में प्रति सेकंड 1 एकड़ मिट्टी रेत में बदल रही है। इसी तरह मिट्टी की क्षमता/दक्षता में इतनी कमी हो गई है की 100 वर्ष पहले आज के 8 संतरो के बराबर 1 संतरे में प्रोटीन/विटामिन की मात्रा मिलती थी, मिट्टी से जैविक पदार्थ निकाल देने पर वह रेत बन जाती है, और यदि रेत में जैविक पदार्थ मिला दें तो वह मिट्टी बन जाती है, इसे समझाते हुए ईशा फाउंडेशन, जबलपुर के वॉलंटियर्स द्वारा शहर के सबसे पुराने जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मिट्टी के महत्व को लेकर विभिन्न गतिविधियां करते हुए चर्चा की एवं बताया कि हमारी मिट्टी क्यों खतरे में है? और हम इसे बचाने के लिए क्या कर सकते हैं? भारत सरकार के अनुसार भारत की 62 प्रतिशत खेती योग्य मिट्टी में केवल 0.5 प्रतिशत जैविक पदार्थ बचा है जो कि 3-6 प्रतिशत होना चाहिए। यदि हमने अभी कुछ नहीं किया तो संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में अगले 60 सालों में मिट्टी का पूरा जैविक पदार्थ खत्म हो जाएगा और मिट्टी रेत में बदलने लगेगी, जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मिट्टी के महत्व एवं उसके बचाव की आवश्यकता को देखते हुए मिट्टी बचाओ अभियान को अपना बढ़-चढ़कर समर्थन दिया एवं अपने परिजनों, मित्रो व समाज मे जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। उपरोक्त कार्यक्रम को जबलपुर के ईशा वॉलिंटियर्स ने पूरे जोश एवं ऊर्जा के साथ संपन्न करते हुए आगे भी अभियान को बढ़ाने का संकल्प लिया, मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल ए के शर्मा उपस्थित रहे और उन्होंने भी वर्तमान में मिट्टी की खराब स्थिति के संबंध में अपने विचार रखे।

# अधिकारियों कर्मचारियों के हितों का हमेशा रखा जायेगा ध्यान - निगमायुक्त

## कर्मचारी संघों के साथ निगमायुक्त की चर्चा संघों की सभी मांगों पर होगा सकारात्मक विचार

**जबलपुर। नगर निगम द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों के हितों में लगातार फैसले लिये जाकर समय पर सभी अधिकारियों कर्मचारियों को नियमानुसार लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। कर्मचारी से संबंधित हितों को लेकर कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों ने गत दिवस निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ एवं अपर आयुक्त वित्त महेश कोरी से चर्चा की। चर्चा के दौरान निगम प्रशासन द्वारा जो अधिकारियों कर्मचारियों के हितों को देखते हुए फैसले लिये गए हैं के बारे में अवगत कराया गया। इसके उपरांत निगम प्रशासन द्वारा संघों के सभी पदाधिकारियों को आश्वासन दिया गया कि अधिकारियों कर्मचारियों के हितों का हमेशा ध्यान रखा जायेगा, इसके उपरांत संघों द्वारा घोषित ह?ताल स्थगित कर दी गई है।**

अधिकारियों कर्मचारियों को लाभ प्रदान करने के संबंध में अपर आयुक्त वित्त महेश कोरी ने बताया कि निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा 250 कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ माह अप्रैल भुगतान मई 2022 के वेतन से प्रदान किया गया है। माह अप्रैल 2022 में वरिष्ठता सूचियों का प्राथमिक प्रकाशन किया गया है। माह जनवरी 2022 से वर्तमान तक कुल 37 अभ्यर्थियों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। माह जुलाई 2020 एवं माह जनवरी 2021 में देय वेतन वृद्धि जो काल्पनिक प्रदान की गई थी। शासन आदेश के पालन में वेतन वृद्धि की अंतरराशि का भुगतान किया गया है। प्रत्येक माह की 01 तारीख को कर्मचारियों का वेतन नियमित रूप से भुगतान किया जा रहा है। विगत कई वर्षों से लम्बित विभागीय जाँच प्रकरणों का निराकरण किया गया है। सेवा निवृत्त कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति दिनांक को ही उन्हें देय समस्त लाभ/देयकों का भुगतान किया जा रहा है। 1 तारीख को प्रतिमाह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों कर्मचारियों को समय पर सभी प्रकार के एरियर्स प्रदाय किये जा रहे हैं जिससे सभी में हर्ष व्याप्त है और इसके अतिरिक्त निगम में कई वर्षो से लंबित विभागीय जॉच को भी प्रमुखता से लेते हुए जॉच समाप्त की गई है इसके अतिरिक्त कर्मचारी संघ के द्वारा आज मीटिंग में अन्य जो बिन्दु उठाए है उनपर भी धीरे-धीरे कार्यवाही की जावेगी। बैठक में तकनीकी अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी पं. राम दुबे, पं. योगेन्द्र दुबे, पं. कपिल दुबे, पं. अनिल तिवारी, पं. संतोष तिवारी, बसंत पाण्डे, राकेश समुद्रे, रमेश मिश्रा, मिथलेश राव, ऐबू डेविड, रमेश पासी आदि उपस्थित रहे।

# समर कैम्प का सफल आयोजन



**जबलपुर** । आर्मी पब्लिक स्कूल धोबी घाट, में समर कैम्प का आयोजन किया गया। शाला प्राचार्य मनीष कुमार स्वामी के निर्देशन में शाला के समस्त इच्छुक विद्यार्थियों के लिये ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें, व्हॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, रगबी, स्केटिंग, ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया।अरूण कुमार यादव सचिव ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य खिलाड़ियों को खेल के लिये जागरूक बनाना, खिलाड़ियो की इम्युनिटी को मजबूत बनाना एवं प्रारंभिक खेल की तकनीकों से अवगत कराना था । सभी खिलाड़ी अपने इच्छुक खेल को सीख आगे होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं मे भाग ले सकेंगे।शाला चैयरमैन, डीप्टी एस. ओ. एवं अन्य पदाधिकारीयों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी एवं उनके जोश की सराहना की।

# नगर निगम की नगर विक्रय समिति फिर बहाल

### समिति भंग करने के आदेश को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

**जबलपुर।** नगर निगम की नगर विक्रय समिति फिर बहाल हो हांगी। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने समिति भंग करने के आदेश को निरस्त कर दिया है। शशिकांत सोनी, सदस्य, नगर विक्रय समिति, नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया गया था कि भारत सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्स के संरक्षण हेतु स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 पारित किया गया है जिसकी धारा 36 के अनुसार, राज्य सरकार इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियम बनाने का अधिकार रखती है। इसी अनुक्रम में मध्यप्रदेश शासन द्वारा म.प्र. पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) नियम 2017 बनाये गए हैं। इन नियमों के अधीन नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा जुलाई 2021 में नगर निगम आयुक्त की अध्यक्षता में 20 सदस्यों की नगर विक्रय समिति का गठन किया गया था जिसमें याचिकाकर्ता को भी सदस्य के रूप में नामित किया गया था किंतु मार्च 2022 में नगर निगम जबलपुर द्वारा अचानक समिति को भंग कर दिया गया तथा इसका कारण समिति के एक सदस्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज होना तथा एक अन्य के द्वारा समिति से नाम पृथक करने की इच्छा प्रकट करना बताया गया। उक्त आदेश को याचिकाकर्ता द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई जहाँ चीफ जस्टिस रवि मलिमथ व जस्टिस पी. के. कौरव की युगलपीठ द्वारा मामले की सुनवाई करते हुए जब माँगा गया, जबाब में नगर निगम की ओर से पेश हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता एच.एस. रुपराह द्वारा बताया गया। नियम 2017 की धारा 10 में नगर निगम आयुक्त को नगर विक्रय समिति को भंग करने के अधिकार प्राप्त हैं उक्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए यह समिति भंग की गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता आलोक वागरेचा, विशाल बघेल द्वारा न्यायालय में दलील दी गयी कि नियम 2017 की कंडिका 9 के अनुसार भिन्न कारणों से समिति में रिक्त हुए पदों पर ही नवीन प्रक्रिया अनुसार नियुक्ति की जाना चाहिए किन्तु आयुक्त नगर निगम द्वारा उक्त नियम की पालना नहीं करते हुए सम्पूर्ण समिति को भंग कर दिया गया है, जो विधि विरुद्ध है। उक्त दलीलों को सुनने के पश्चात न्यायालय द्वारा आयुक्त द्वारा समिति भंग किये जाने संबंधी जारी आदेश को निरस्त कर दिया तथा नियम 2017 की कंडिका 9 का पालन करते हुए समिति में रिक्त पदों पर सदस्यों की नियुक्ति हेतु विधि पूर्ण कार्यवाही हेतु आदेश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी अधिवक्ता आलोक वागरेचा, विशाल बघेल, दीपक तिवारी द्वारा की गयी

# मध्य प्रदेश स्टार्टअप कॉन्क्लेव, इंदौर 2022 में जबलपुर से 20 स्टार्टअप्स शामिल



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 13 मई 2022 को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में मध्य प्रदेश राज्य में स्टार्टअप्स के लिए एम.पी. स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस कॉन्क्लेव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में एम.पी. स्टार्टअप नीति 2022 को भी वस्तुत: लॉन्च किया गया। यह कार्यक्रम इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमे प्रदेश भर से स्टार्टअप्स सम्मिलित हुए है। कार्यक्रमों में जहां एक ओर स्टार्टअप किस तरह करें - जैसे विषयों पर एक्सपर्ट्स के लेक्चर हुए वहीं दूसरी ओर फंडिंग के लिए इन्वेस्टर्स के सम्मुख भी स्टार्टअप्स के आइडिया को पिच करवाया गया। कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार एवं जबलपुर स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में जिला उद्योग केंद्र जबलपुर एवं जनरल मैनेजर विनीत रजक की प्रयासों से इंदौर में आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव में जबलपुर से लगभग 20 स्टार्टअप्स अलग-अलग कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। यह सभी स्टार्टअप्स जबलपुर इनक्यूबेशन सेंटर से संबद्ध है। जबलपुर इनक्यूबेशन सेंटर के चार स्टार्टअप्स, इंड्यू ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड, सिया ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड, एडवर्टो आई प्राइवेट लिमिटेड, आभार इलेक्ट्रिकल को इस कॉन्क्लेव में अपने उत्पाद आयोजित प्रदर्शनी में रखने का अवसर प्राप्त हुआ। इंड्यू ऑर्गेनिक, सिया ऑर्गेनिक स्टार्टअप्स एग्रीकल्चर के प्रोडयूसिस मैन्युफैक्चरिंग से संबद्ध है, तो दूसरी ओर आभार इलेक्ट्रिकल द्वारा हाईटेक इलेक्ट्रिकल सोलर अप्लायंस बनाए जाते है, एडवर्टो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग पर अपने प्रोडक्ट को डिस्प्ले किया। इंडयो ऑर्गेनिक जो की एक ऑर्गेनिक प्रोडयूसी बनाने वाली कंपनी है एवं विदेशों में भी अपने उत्पाद एक्सपोर्ट कर रही है तथा देश के चार राज्यों में ऑपरेट कर रही है इस स्टार्टअप को इन्वेस्टर्स के सामने अपने आइडिया को पिच करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। इसके अलावा अन्य स्टार्टअप्स में स्वाति दुबे ऑर्गेनिक स्टोरी, भूमिका इंदू आईटी स्टार्टअप, बुद्दिन ऐप, अग्द्याति हर्ब्स शुभाम पटेल, स्कूल बैग अखिलेश गर्ग, सीबी बिजनेस सौरभ सिंघाई, सिया ऑर्गेनिक, पिटारा बाजार संकेत, केंचुआ ऑर्गेनिक ह्रदयेश, त्रिनामी एंटरटेनमेंट, रीड ऑन रेंट नयन जैन, ए के सर्विसेज आनंद आदि स्टार्टअप सम्मिलित हुए। सभी स्टार्टअप्स जबलपुर इनक्यूबेशन सेंटर से इनक्यूबेशन मैनेजर एवं स्टार्टअप मेंटर अग्रांशु द्विवेदी के साथ सम्मिलित हुए।

# टीम राइजिंग स्टार ने दिखाया बेहतर खेल



जबलपुर। 3 गुणा 3 बी.एफ.आई. इंडियन नेशनल बास्केटबाल लीग सीजन वन का आयोजन इंदौर के एन.बी.ए. अकेडमी म आयोजित किया गया, जिसमें युवा भवन साई की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता प्रथम बार पूरे भारत में बी.एफ.आई. द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसमें जबलपुर से युवा भवन, रिंग स्टॉप, काका होल्डर टीमों के नाम से बालक खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालक वर्ग में टीम राइजिंग स्टार जिसके खिलाड़ी रिधांश चतुर्वेदी, चिराग धनकर, मोहित मलिक, पियूष यादव रहे ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं टीम काका होल्डर जिसके खिलाडी हर्ष एहलावत, अजय, आकाश, विकास शर्मा रहे को तीसरे स्थान पर संतोश करना पड़ा। सीनियर बालिका वर्ग में टीम युवा भवन के खिलाड़ी शिवानी बर्मन, खुशबू मंगरोलकर, साधनाजायसवाल एवं आसमा रही को तृतीय स्थान पर संतोष करना पड़ा। बी.एफ.आई. की ओर से सभी खिलाडियों को प्लेईंग किट तथा द्वितिय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को नगद राशि रू. 15,000 एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को नगद राशि रू. 10,000 से पुरस्कृत किया जाएगा। टीम की सफलता पर मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, अर्जुन अवॉडी सुश्री मधु यादव, अंतराष्ट्रीय बास्केटबाल प्रशिक्षक आई.ए.के. अब्राहम, एस. आर तिवारी, खेल अधिकारी आशीश पांडे एवं अन्य खेल प्रेमियों ने तीनों टीमों को बधाई दी।

# फर्स्ट ईयर की छात्रा से प्रेमी ने किया दुष्कर्म

# खेत में बने मकान में ले जाकर की ज्यादती, आरोपी गिरफ्तार



**जबलपुर, यशभारत।** पनागर में एक फर्स्ट ईयर की छात्रा से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। शातिर आरोपी ने अपने साथ पढ़ने वाली छात्रा को पहले तो अपने झूठे प्रेम जाल के झांसे में फंसाया और फिर अपने खेत दिखाने के लिए पनागर ले गया। जहां बने एक कमरे में छात्रा के साथ जबरदस्ती की और फिर उसे वापस घर छोड़ दिया। जिसके बाद पीड़िता ने पूरी सच्चाई अपने परिजनों को बताई तो वह दंग रह गये और उसे लेकर सीधे थाने पहुंच गए। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अनुज पटैल 20 साल कॉलेज में फर्स्ट ईयर का छात्र है। जिसके साथ पीड़िता अध्ययनरत थी। दोनों में दोस्ती के बाद प्यार हो गया। जिसके बाद आरोपी ने झांसा देकर अपने खेत में ले गया, जहां उसके साथ ज्यादती की और मौके से फरार हो गया । पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

## महिला से छेड़छाड़ कर शोहदा संबंध बनाने बना रहा दबाव पीड़िता रोते हुए पहुंची थाने, एफआईआर दर्ज

जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल के मदर टेरेसा क्षेत्र में छेड़छाड़ का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसमें मोहल्ले में ही रहने वाला शोहदा महिला को प्रताड़ित कर छेड़छाड़ कर रहा है। इतना ही नहीं, शोहदे ने सारी हदें पार करते हुए महिला से ज्यादती करने का दबाव बना रहा था। जिसके बाद महिला ने पूरी बात अपने पति को बताई और थाने में शिकायत की। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर, आरोपी शोहदा को तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय महिला ने बताया कि उसके मोहल्ले में रहने वाला 26 वर्षीय युवक उसे महिनों से आते-जाते छेड़ता था। लेकिन उसने लोकलाज के कारण कुछ नहीं किया । लेकिन अब शोहदे की हरकतें बढ़ गयी और वह लज्जा भंग करने का दबाव बनाने लगा। पुलिस सरगर्मी से आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

# ईंट-भट्टे में काम कर रहे अधेड़ ने लगाई फांसी : मानसिक तनाव में उठाया आत्मघाती कदम

**जबलपुर यश भारत।** चरगवां के भिडकी ग्राम के पास 45 वर्षीय अधेड़ फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। जब आसपास के लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। जिसके बाद घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई । मौजूद लोगों द्वारा इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई । सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि तिलवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देवरी ग्राम का रहने वाला 43 वर्षीय नेतराम उर्फ नीतू पिता सोखेलाल भुमिया अपने परिवार के साथ भिड़की ग्राम में किसी के यहां ईंट भट्टे में काम करता था वह काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। देर रात वह नाला की ओर गया हुआ था परिजनों ने सोचा कि शौच के लिए गया होगा, लेकिन अधेड़ रात भर घर नहीं पहुंचा तो सुबह परिजनों को इस बात की चिंता हुई इसी दौरान उनको सूचना प्राप्त हुई कि अधेड़ पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका हुआ है । पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## बेकाबू कार चालक की करतूत : कम्प्यूटर शॉप किया क्षतिग्रस्त

जबलपुर,यशभारत। विजय नगर थाना अंतर्गत एकता चौक में दरमियानी रात एक बेकाबू कार चालक ने तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए रोड से उतरकर कम्प्यूटर शॉप में टक्कर मार दी। जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गयी। जानकारी अनुसार दरमियानी रात शंभू श्री अपार्टमेंट में नीचे रात के समय कार चालक द्वारा कंप्यूटर शॉप को सीधी ठोकर मारते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**MUNICIPAL CORPORATION JABALPUR**

NIT No.JMC/Hoarding/2022-23/17-PRO-206 Date : 13.05.2022

**NOTICE INVITING TENDER**

Jabalpur Municipal Corporation, Jabalpur invites online bids from eligible bidders through an https://mptenders.gov.in "Engagement of Agency For Installation of Street Lamp Post Pole Kiosk And Award Or Advertisement Rights on Street Lamp Post Pole Kiosk (Package-3)" The successful bidder will be having rights to display advertisement on the pole Kiosk's as per the detailed conditions mentioned in the RFP document.

| S. No. | Name of Work | Cost of Tender form | Earnest money Deposit | Project term |
|---|---|---|---|---|
| 1. | "Engagement of Agency For Installation of Street Lamp Post Pole Kiosk And Award Or Advertisement Rights on Street Lamp Post Pole Kiosk (Package-3)" | Rs. 5000/- | Rs. 1,31,870/- | 10 Years |

Tender Document and other details shall be available on :- Website-an- https://mptenders.gov.in Amendment to NIT, if any would be published on website https://mptenders.gov.in only.

Hoarding Officer
Municipal Corporation, Jabalpur

**MUNICIPAL CORPORATION JABALPUR**

NIT No.JMC/Hoarding/2022-23/15-PRO-205 Date : 13.05.2022

**NOTICE INVITING TENDER**

Jabalpur Municipal Corporation, Jabalpur invites online bids from eligible bidders through an https://mptenders.gov.in "Engagement of Agency For Installation of Street Lamp Post Pole Kiosk And Award Or Advertisement Rights on Street Lamp Post Pole Kiosk (Package-1)" The successful bidder will be having rights to display advertisement on the pole Kiosk's as per the detailed conditions mentioned in the RFP document.

| S. No. | Name of Work | Cost of Tender form | Earnest money Deposit | Project term |
|---|---|---|---|---|
| 1. | "Engagement of Agency For Installation of Street Lamp Post Pole Kiosk And Award Or Advertisement Rights on Street Lamp Post Pole Kiosk (Package-1)" | Rs. 5000/- | Rs. 66148/- | 10 Years |

Tender Document and other details shall be available on :- Website-an- https://mptenders.gov.in Amendment to NIT, if any would be published on website https://mptenders.gov.in only.

Hoarding Officer
Municipal Corporation, Jabalpur


# नाबालिक के ऊपर गिरा स्कूल का छज्जा मेडिकल रेफर

**जबलपुर यश भारत।** बेलखेड़ा मैं एक निर्माणाधीन स्कूल का छज्जा गिरने से 16 वर्षीय बालक घायल हो गया लोगों को जब इस घटना का पता चला तो कुछ ही देर में मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई मौजूद लोगों द्वारा इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बालक को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल रवाना किया गया

इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बेलखेड़ा चौधरी मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय अर्जुन पिता गोपाल चौधरी आज अस्पताल के सामने से निकल रहा था इसी दौरान वहां पर निर्माणाधीन स्कूल का छज्जा गिर गया जिससे उसके सिर में गंभीर रूप से चोट आई उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से मेडिकल अस्पताल रवाना किया गया पुलिस के अनुसार

## निर्माणधीन स्कूल में दूसरी घटना

इसके पूर्व भी इस निर्माण दिन स्कूल का छज्जा गिरने से एक बालक की मौत हो गई थी आज दोपहर फिर उसी स्कूल का छज्जा गिरने से एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने घटना की पड़ताल शुरू कर दी है/

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार का फट गया सिर : हालत नाजुक



**जबलपुर यश भारत।** बरगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जबलपुर मार्ग में पटेल ढाबा के पास नशे की हालत में एक बाइक सवार डिवाइडर से टकरा गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार के सिर में गंभीर रूप से चोट आने के कारण उसे 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार बरगी निवासी 45 वर्षीय मनोज बैंन शराब के नशे में धुत होकर बाइक से जबलपुर की ओर आ रहा था। बाइक सवार जैसे ही पटेल ढाबा के पास पहुंचा ही था कि उसकी बाइक डिवाइडर से जा टकराई । जिससे उछलकर बाइक सवार दूर जा गिरा । दुर्घटना में बाइक सवार के सिर एवं शरीर के अंगों में गंभीर रूप से चोट आई । दुर्घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे । सूचना के आधार पर एंबुलेंस के ईएमटी शिवम् में एवं पायलट शंकर सिंह दुर्घटना स्थल पर पहुंचे जहां पर घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे गंभीर हालत में मेडिकल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया है बाइक सवार का सिर फट जाने के कारण उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

# कैंट में निर्माणाधीन भवन की ढही दीवार एक मजदूर की मौत, दूसरा घायल



**जबलपुर, यशभारत।** कैंट थाना अंतर्गत राजीव गांधी नगर में एक निर्माणाधीन भवन की दीवार अचानक भर-भराकर ढह गयी। जिमसें दो मजदूर दब गए। आनन-फानन में दोनों को मलबे से बाहर निकाला गया। जिसमें एक मजदूर की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं, दूसरे की स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। खेमकरन डिहेरिया एसआई थाना केंट ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राजीव गांधी नगर में निर्माणाधीन भवन की दीवार, कॉलम समेत गिर गयी। जिसमें दबे चंदन सिंह तेकाम निवासी कुंडम 26 वर्ष और विजय बहादुर मरावी निवासी कुंडम, दीवार के मलबे में दब गये। हादसे के बाद दोनों को ईंट और सीमेंट के मलबे से बाहर निकाला गया। जिसमें चंदन सिंग की दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दामाद ने ससुर को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

## घरेलु विवाद को लेकर हुआ फसाद, रोते हुए थाने पहुंचा पीड़ित

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल के आईटीआई में दामाद और ससुर की घरेलु विवाद को लेकर कहासुनी हो गयी। जिसके बाद दामाद ने ससुर को दौड़ा-दौड़ाकर जमकर मारपीट कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि फागू लाल चौधरी निवासी आईटीआई माढोताल ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि रांझी निवासी दामाद संजय रैदास 25 वर्ष निवासी रांझी घर में आकर गालीगलौच करने लगा। जब उसने विरोध किया तो जमकर विवाद करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

## गुम इंसान



गुमशुदा दुर्गा अहिरवार पति दिलीप अहिरवार उम्र 25 साल पता बदहन थाना भेड़ाघाट दिनांक 19.1.22 को सुबह 9 बजे से भेड़ाघाट चौराहा जाने को कहकर गई थी जिसका आज दिनांक तक कोई पता नहीं चल पाया है।

**हुलिया**- लंबाई 5 फुट 8 इंच, रंगगहुआ, चेहरा गोल नीला सफेद पटियाला सूट पहने हैं।

जानकारी लगने में संपर्क करें

**थाना भेड़ाघाट** फोन नं- 0761-2830429, 2676100 मो. 7049112645

# न्यायालय पुलिस आयुक्त, भोपाल

## (पीठासीन अधिकारी-मकरंद देऊस्कर)

**नया पुलिस कन्ट्रोल रूम, चतुर्थ तल, जहांगीराबाद-भोपाल 462008**

**अपराधिक प्रकरण क्रमांक- 26/22**

मध्यप्रदेश शासन द्वारा पुलिस उपायुक्त जोन-1 .................................................. आवेदक

विरुद्ध

लल्लू उर्फ दीपक अहिरवार पिता रूपलाल अहिरवार उम्र 35 साल,
निवासी- आई- 3/25 के पास झुग्गी 109 सुनहरी बाग साउथ
टी.टी. नगर, भोपाल .................................................. अनावेदक

## // आदेश //

**(आज दिनांक 04/2022 को पारित)**

पुलिस उपायुक्त जोन-01 नगरीय पुलिस भोपाल के प्रतिवेदन क्रमांक / पु.उपा./जोन01/भो./जि.बदर/13/22 दिनांक 09.02.22 द्वरा प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि अनावेदक लल्लू उर्फ दीपक अहिरवार पिता रूपलाल अहिरवार उम्र 35 साल निवासी आई- 3/25 के पास झुग्गी 109 सुनहरी बाग साउथ टी.टी. नगर, भोपाल का होकर वर्ष 2014 से लगातार अपराध घटित करता आ रहा है यह लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलग्न रहता है। अनावेदक के विरुद्ध हत्या, घर में घुसकर मारपीट करना, नाबालिक के साथ छेड़छाड़, नकबजनी, अड़ीबाजी, अवैध हथियार रखना, जान से मारने की धमकी देने जैसे अनेक गम्भीर अपराध पंजीबद्ध है। इसकी आपराधिक गतिविधियों के कारण आम जनता में भय एवं आतंक का माहौल व्याप्त है तथा जिसके कारण आम नागरिक गवाही देने से डर रहे हैं जिससे लोक व्यवस्था एवं लोक परिशांति को खतरा उत्पन्न हुआ है। आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु अनावेदक के विरुद्ध समय-समय पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी बेअसर रही है। अतः अनावेदक के विरुद्ध मध्य प्रदेश सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 (क) (ख) के अन्तर्गत क्यों न निष्कासन की कार्यवाही की जावे।

2. पुलिस उपायुक्त जोन-1, भोपाल ने अपने प्रतिवेदन में अनावेदक के विरुद्ध पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरणों का विवरण पेश किया है, जो निम्नानुसार है :-

**(पुलिस उपायुक्त जोन-1 के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेख अपराधों की सूची तथा जरायम नकल अनुसार)**

| क्र. | अपराध क्रमांक | धारा | थाना |
|---|---|---|---|
| 1 | 438/04 | 294, 341, 323, 34 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 2 | 159/05 | 294, 323, 306 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 3 | 459/06 | 454, 380 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 4 | 576/06 | 294, 323, 327, 506, 34 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 5 | 718/06 | 457 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 6 | 829/06 | 457 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 7 | 842/06 | 457,380 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 8 | 614/07 | 294, 324, 506, 457 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 9 | 616/07 | 294, 324, 506, 452 भादवि. 25 आर्म्स एक्ट | टी.टी. नगर |
| 10 | 683/08 | 457 , 380 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 11 | 682/09 | 294, 324, 506, भादवि. | टी.टी. नगर |
| 12 | 840/09 | 294, 323, 324, 341, 327, 34 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 13 | 983/09 | 25 आर्म्स एक्ट | टी.टी. नगर |
| 14 | 307/10 | 294, 323, 452, 34 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 15 | 347/10 | 294, 323, 452, 506 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 16 | 369/10 | 25 आर्म्स एक्ट | टी.टी. नगर |
| 17 | 21/11 | 294, 323, 506, 34 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 18 | 23/11 | 294, 324, 327 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 19 | 583/11 | 294, 324 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 20 | 844/11 | 294, 452, 506, 34 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 21 | 858/11 | 302, 34 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 22 | 748/19 | 327, 294, 324, 506, 34 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 23 | 1039/19 | 354, 506 भादवि. 452 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 24 | 91/20 | 452, 354, 506 भादवि., 7/8 पॉक्सो एक्ट | टी.टी. नगर |
| 25 | 642/21 | 294, 323, 506 भादवि. | टी.टी. नगर |
| 26 | 643/21 | 25 आर्म्स एक्ट | टी.टी. नगर |

3. पुलिस उपायुक्त जोन-1, भोपाल द्वारा पेश प्रतिवेदन की संपुष्टि हेतु मेरे द्वारा साक्षी थाना प्रभारी टी.टी. नगर चैन सिंह रघुवंशी को आहूत किया गया, जिनके द्वारा अतिरिक्त साक्ष्य प्रस्तुत की गई। अतिरिक्त साक्ष्य का अवलोकन किया गया जिससे स्पष्ट है कि अनावेदक खतरनाक किस्म का बदमाश है। उसके भय एवं आतंक से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। उसके विरुद्ध लोग खुले न्यायालय में गवाही देने से डरते हैं। अनावेदक के आपराधिक कृत्यों से लोक व्यवस्था को संकट पैदा हो गया है। अनावेदक को थाना टी.टी. नगर के अपराध क्रमांक- 858/11 धारा 302, 34 भादवि में माननीय न्यायलय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश भोपाल श्री बी.के. द्विवेदी द्वारा आजीवन कारावास व अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। उक्त तथ्य मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 6क (1) की परिधि के अंतर्गत होने से पेश अतिरिक्त साक्ष्य एवं प्रस्तुत प्रतिवेदन की संपुष्टि होने पर मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 8 (1) के अंतर्गत तात्विक अतिरिक्त साक्ष्य के उपरांत अनावेदक को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर अनावेदक को बचाव का अवसर दिया गया।

अनावेदक को जारी कारण बताओ सूचना-पत्र के माध्यम से बचाव साक्ष्य हेतु प्रथम दिनांक 09.03.2022 की पेशी दी गई। जिसमें अनावेदक न्यायालय में उपस्थित हुआ। अनावेदक द्वारा अपना बचाव पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अग्रिम पेशी तारीख चाही गई, न्यायालय द्वारा दिनांक 30.03.2022 को अग्रिम तारीख पेशी नियत की गई। दिनांक 30.03.2022 को अनावेदक द्वारा अपना बचाव प्रतिउत्तर लिखित में प्रस्तुत किया एवं अपने बचाव पक्ष में साक्षी 1. संतोषी बोयत, 2. सुनीता पाल, 3. सपना अहिरवार को न्यायालय के समक्ष पेश किये गये। जिनके कथन लेखबद्ध किये गये। बचाव साक्ष्य पूर्ण हुई।

4. प्रकरण व प्रस्तुत अतिरिक्त साक्ष्य का अवलोकन किया गाय। अनावेदक के विरुद्ध अंतिम निर्णय पारित किये जाने हेतु निम्नलिखित बिन्दु विचारणीय हैं।

क्या अनावेदक-

(क) (1) भारतीय दण्ड संहिता 1860 ( 1860 का सं. 45) के अध्याय 12, 16 या 17 के या उसकी धारा 506 या 509 के अधीन किसी अपराध का या

(2) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1995 ( 1955 का सं. 22) के अधीन किसी अपराध का

(ख) स्त्री तथा लड़की अनैतिक व्यापार दमन अधिनियम, 1956 ( 1956 का सं. 104) के अधीन किसी अपराध का दो बार या ?

(ग) मध्यप्रदेश राज्य में लागू हुये रूप में सार्वजनिक घ्रूत अधिनियम, 1867 ( 1867 का सं. 3) की धारा 3 या 4 के अधीन किसी अपराध का तीन वर्ष की कालावधि के भीतर तीन बार न्यायालय द्वारा सिद्धदोष ठहराया जा चुका है।

5. पुलिस उपायुक्त जोन-1 के प्रतिव्रेदन द्वारा अनावेदक के विरुद्ध पंजीबद्ध सभी अपराधों का विवरण प्रस्तुत किया गया है। तथा उसके साथ दस्तावेजों, इन्द्राजों की प्रतियां भी पेश की गई है। अनावेदक के विरुद्ध हत्या, घर में घुसकर मारपीट करना, नाबालिग के साथ छेड़छाड़, नकबजनी, अड़ीबाजी, अवैध हथियार रखना, जान से मारने की धमकी देने से अनेक गम्भीर अपराध पंजीबद्ध है। इसकी आपराधिक गतिविधियों के कारण आम जनता में भय एवं आतंक का माहौल व्याप्त है तथा जिसके कारण आम नागरिक गवाही देने से डरते हैं। जिससे लोक व्यवस्था एवं लोक परिशांति को खतरा उत्पन्न हुआ है। आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु अनावेदक के विरुद्ध समय-समय पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी बेअसर रही है। थाना प्रभारी द्वारा प्रस्तुत अतिरिक्त साक्ष्य के अवलोकन से स्पष्ट है कि, अनावेदक के कृत्यों के कारण क्षेत्र के रहवासी आतंकित हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि अनावेदक के क्षेत्र में निवास करने से लोक व्यवस्था को असन्न संकट व्याप्त है। आम नागरिक अपने शरीर एवं सम्पति के प्रति असुरक्षा महसूस कर रहे हैं।

प्रस्तुत साक्ष्य के अवलोकन से यह भी स्पष्ट होता है कि, अनावेदक को थाना टी.टी. नगर के अपराध क्रमांक-858/11 धारा 302, 34 भादवि. में माननीय न्यायालय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश भोपाल श्री बी.के. द्विवेदी द्वारा आजीवन कारावास व अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। अतः उपयुक्त साक्ष्यों के मूल्यांकन से विचारणीय बिन्दु क ( 1) पूर्णरूपेण प्रमाणित पाता हूं।

2. थाना टी.टी. नगर के अपराध क्रमांक 91/2020 धारा 452, 354, 506 भादवि/7/8 पाक्सो एक्ट भादवि में माननीय 23 वें अपर सत्र न्याधीश श्रीमती वंदना जैन द्वारा दिनांक 13.03.2021 को पारित निर्णय की निर्णय पत्रिका के पृष्ठ क्रमांक 05 के बिन्दु क्रमांक 07 में साक्षी अभियोक्त्री अ.सा. 1 अभियोक्त्री की मां अ.सा. 3 व पिता अ.सा. 3 एवं भाई अ.सा. 4 द्वारा थाना टी.टी. नगर में घटना दिनांक को किसी से झगड़ा हो जाने से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ लिखित आवेदन-पत्र देना बताया तथा आरोपी को पहचानने से इंकार किया है। अभियोजन द्वारा पक्षद्रोही घोषित किया गया। पक्षद्रोही होने के उपरांत भी पूछे गये सूचक प्रश्न से भी स्पष्ट इंकार किया है। बिन्दु क्रमांक 09 में माननीय न्यायालय द्वारा अभियुंक्त दीपक अहिरवार को उपरोक्त आधार पर दोषमुक्त किया गया ।

उपरोक्त निर्णय के अवलोकन से यह स्पष्ट स्थापित होता है कि अनावेदक के डर व भय से प्रकरण में फरियादिया उसके मां, पिता व भाई द्वारा थाना टी.टी. नगर में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर झगड़ा हो जाने से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आवेदन पत्र देना बताया है तथा न्यायलय के समक्ष घटना की पुष्टि न करते हुये पक्षविरोधी हुए हैं। मुझे यह विश्वास होता है अनावेदक न्यायालय द्वारा दोषी ठहराये गये अपराध, समरूप कोई अपराध घटित करेगा। अतः अनावेदक को हटाये बिना क्षेत्र की लोक व्यवस्था को कायम नहीं रखा जा सकता है।

अतः मैं मकरंद देऊस्कर पुलिस आयुक्त जिला भोपाल मध्य प्रदेश राजपत्र दिनांक 09 दिसम्बर 2021 में प्रकाशित अधिसूचना-क्रमांक एफ-74 (IV)/2021 बी-2/दो, दण्ड प्रक्रिया सहिता, 1973 ( 1974) का 2) की धारा 20 की उप-धारा ( 5) निम्नलिखित अनुसूची में अधिनियमों की सुसंगत धाराओं का प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद् द्वारा, भोपाल नागरीय के मेट्रोपालिटिन क्षेत्र जैसा कि इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक-एफ-74 (11)/2021/बी-2/दो, दिनांक ........ किया है एवं अभियोजन घटना का कोई समर्थन नहीं किया है। इसी कारण बिन्दु क्रमांक-10 में माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण दीपांशु व आकाश को धारा 294 भादवि. के अपराध से दोषमुक्त किया है।

उपरोक्त निर्णय के अवलोकन से यह स्पष्ट स्थापित होता है कि, अनावेदक के डर व भय से प्रकरण में फरियादी द्वारा न्यायालय के समक्ष अनावेदक के पक्ष में कथन दिये गये हैं। उपरोक्त से स्पष्ट है कि अनावेदक को हटाये बिना क्षेत्र की लोक व्यवस्था को कायम नहीं रखा जा सकता है।

अतः मैं मकरंद देऊस्कर पुलिस आयुक्त, जिला भोपाल मध्य प्रदेश राजपत्र दिनांक 09 दिसम्बर 2021 में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक-एफ-74 (IV)/2021/बी-2/दो, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 ( 1974 का 2) की धारा 20 की उप-धारा (5) निम्नलिखित अनुसूची में अधिनियमों की सुसंगत धाराओं द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद् द्वारा भोपाल नागरीय के मेट्रोपालिटिन क्षेत्र, जैसा कि इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक-एफ-74 (IV)/2021/बी-2/दो, दिनांक 09.12.2021 में घोषित किया गया है द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनावेदक दीपांशु सेन उर्फ तन्नू उर्फ लिल्ली पिता शशांक सेन उम्र 21 साल निवासी म.नं. पी.डब्ल्यू.डी.-158 सेन्ट स्टीफन स्कूल के पास पंचशील नगर थाना टी.टी. नगर, भोपाल के विरुद्ध मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अंतर्गत 01 वर्ष की कालावधि के लिये जिला भोपाल एवं उससे लगे अन्य जिले विदिशा, सीहोर, राजगढ़, रायसेन एवं होशंगाबाद जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चाले जाने का निष्कासन आदेश पारित करता हूं तथा यह भी आदेशित करता हूं उक्त प्रतिबंधित जिलों की सीमाओं से बाहर चले जाने की सुनिश्चितता हेतु प्रत्येक माह में जरिये डाक संबंधित थाने को सूचना भेजेगा। थाना प्रभारी टी.टी. नगर, भोपाल को निर्देशित किया जाता है कि, अनावेदक को आदेशित जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर जाना सुनिश्चित कर इस न्यायालय को अवगत करावें।

उक्त निष्कासन आदेश आज दिनांक 05.05.2022 को पारित किया जाकर दिनांक 05.05.2022 को सायंकाल 05 बजे से प्रभावशील होगा।

उक्त निष्कासन आदेश आज दिनांक 05.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मकरंद देऊस्कर)
पुलिस आयुक्त, भोपाल

जी- 12669/22

**भोपाल, ।कमलानगर थाने की हवालात में शनिवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक को पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ उसकी भाभी ने ही एफआइआर दर्ज करवाई थी। जब उसने फांसी लगाई, उस समय थाने का स्टाफ भी ड्यूटी पर मौजूद था। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।**



# कमलानगर थाने की हवालात में युवक ने लगाई फांसी

पुलिस के मुताबिक पुरानी सबरी नगर निवासी 25 वर्षीय गोलू सारथी मजदूरी करता था। शुक्रवार को उसकी 31 वर्षीय भाभी ने उसके खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज करवाया था। इसके बाद शाम को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने गोलू को थाने की हवालात में बंद कर दिया था। इसी दौरान शनिवार सुबह पांच बजे उसने हवालात में रखे सरकारी कंबल से फंदा बनाया और फांसी लगा ली। सुबह-सुबह ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने उसे फंदे पर लटके देखा तो स्टाफ को जानकारी दी। जब तक उसे फंदे से उतारा जाता, उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी भी थाने पहुंच गए थे। मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर सचिन अतुलकर ने बताया कि मामले की न्यायिक जांच करवाई जा रही है। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा लापरवाही की जांच की जा रही है। जांच में आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखते हुए नाइट एचसीएम ने बताया कि वह तड़के सवा पांच बजे पेशाब करने के लिए गए थे। एसआइ व प्रधान आरक्षक प्रभात गश्त पर थे। जबकि संतरी थाना परिसर में ही लाकअप से दूर मौजूद था।

# 1 कमिश्नर, 1 कलेक्टर तो मीट दुकानों के बंद होने का समय भी हो 1

## हुजूर क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने समीक्षा बैठक में उठाया मुद्दा

**भोपाल।** शहर में समयसीमा का उल्लंघन करते हुए मीट दुकानें देर रात तक खोली जा रही हैं। इनका समय भी तय हो और यह एक निश्चित समय पर बंद की जाएं। मीट दुकानों को बंद करवाने का ऐसा ही एक मुद्दा हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में हुई बैठक में उठाया। उन्होंने कहा कि जब शहर का कमिश्नर एक, कलेक्टर एक तो फिर मीट दुकानों के बंद होने का समय एक क्यों नहीं हो सकता है। बताया जाता है कि उनकी इस बात का भोपाल मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक आरिफ मसूद ने विरोध करते हुए कहा कि मीट की दुकानें ही नहीं, शराब की दुकानें भी देर रात तक खुली रहती हैं। इन पर क्यों कार्रवाई नहीं की जाती है। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि गुरुवार को समीक्षा बैठक हुई थी। जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह मौजूद थे। उनके साथ ही कलेक्टर अविनाश लवानिया, कमिश्नर केवीएस चौधरी, पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर भी मौजूद थे। मैंने इन्हीं के सामने बात रखी कि शहर में कुछ खान-पान की दुकानें रात 11 से 12 बजे तक बंद हो जाती है। जबकि कुछ दुकानें ऐसी है जो देर रात डेढ़ से दो बजे तक खुली रहती हैं। यह पूरी तरह से गलत है, जब शहर में एक भोपाल है एक कलेक्टर है और एक पुलिस कमिश्नर है तो इन दुकानों के बंद होना का समय भी एक होना चाहिए। इसके नियम-कानून बनाए जाएं और उन्हें समझाया जाए और इन नियमों का पालन करते हुए दुकान बंद करने की हिदायत दी जाए। जब सभी दुकानें समय पर बंद हो जाती हैं तो मीट की दुकानें भी तय समय पर बंद की जाएं। विधायक शर्मा ने बताया कि भारत टाकीज के पास मीट की दुकान है जो देर रात डेढ़ से दो बजे तक खुली रहती है। जबकि यह रास्ता भोपाल रेलवे स्टेशन तक जाता है। देर रात यहां से महिला यात्री भी आती-जाती हैं। यहां दुकान पर भीड़ लगाकर हुड़दंग करवाया जाता है। जिससे यहां से निकलने वाली महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं। इसलिए इन दुकानों के बंद होने का समय भी अन्य दुकानों की तरह होना चाहिए।

### दुकान संचालकों को समझाए जाएं नियम-कानून



### भोपाल रेलवे स्टेशन के लिए जाता है रास्ता




# 29 मई को हाई अलर्ट पर रहेगा इंदौर का देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 29 मई को हाइअलर्ट रहेगा। इस दौरान यहां पर विजटर्स पास की सुविधा को भी बंद कर दिया जाएगा। वहीं यात्रियों के अलावा टर्मिनल किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दरअसल राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद विशेष विमान से इंदौर पहुंचेंगे और यहां से वह उज्जैन जाएंगे। एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार 29 मई को राष्ट्रपति कोविंद उज्जैन के कालिदास संस्कृत अकादमी में होने वाले अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के दो दिवसीय 59वें अधिवेशन का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए इंदौर में भी तैयारियां की जा रही हैं। इसके अलावा अब तक तय कार्यक्रम के अनुसार वे एयरपोर्ट से बाहर नहीं आएंगे और अपने विशेष विमान से आकर इंदौर एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर से उज्जैन जाएगें। प्रबंधन सूत्रों ने बताया कि अभी राष्ट्रपति के दौरे का अंतिम कार्यक्रम नहीं आया है। लेकिन इसकी तैयारी की जा रही है। एसपीजी भी भी इस दौरान एयरपोर्ट पर मौजूद रहती है।

### नो फ्लाइंग झोन भी बनेगा

जानकारी के अनुसार जब राष्ट्रपति का विमान यहां पर आएगा, उस दौरान अतिरिक्त सुरक्षा बरतते हुए इंदौर हवाई क्षेत्र को नो फ्लाइंग झोन बना दिया जाएगा। इस दौरान आने वाली उड़ानों का समय भी बदल दिया जाएगा। एयरलाइंस को कह कर इनका समय राष्ट्रपति के आने के पहले या बाद में कर लिया जाएगा। कई बार इंदौर आ चुके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के समय भी इस तरह की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाती है।

# प्रदेश में दूध का उत्पादन बढ़ा लेकिन 6 दुग्ध संघों के पास टोटा

### दुग्ध संघों में रोजाना 6.75 लाख लीटर हो रही आवक, मांग 10 लाख लीटर से अधिक

### निजी कंपनियां दे रहीं किसानों को अधिक दाम



**भोपाल।** प्रदेश में दूध का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है लेकिन भोपाल समेत छह सहकारी दुग्ध संघ इस समय दूध की भारी कमी से जूझ रहे हैं। इनके पास रोज होने वाली आवक 6.75 लाख लीटर तक आकर सिमट गई है। कभी-कभी तो 6 लाख लीटर दूध ही मिल पा रहा है, जबकि उपभोक्ताओं के लिए 10 लाख लीटर दूध की रोज मांग आ रही है। इसमें से 7.50 लाख लीटर दूध की मांग तरल रूप में आपूर्ति के लिए और बाकी का 2.50 लाख लीटर दूध सांची दही, लस्सी, मावा, पेड़ा, लड्डू, मठा समेत अन्य उत्पाद बनाने के लिए लग रहा है। कमी को पूरा करने दुग्ध संघों ने हर वर्ष की तरह पाउडर का उपयोग शुरू कर दिया है। ये आवक कम होने के पीछे गर्मी में दूध की पैदावर कम होना मानते हैं जबकि ऐसा नहीं है। प्रदेश में भरपूर दूध है, लेकिन सहकारी दुग्ध संघ किसानों को अधिकतम 700 रुपये प्रति किलोग्राम फैट की दर से भुगतान कर रहे हैं जो कि गाय का दूध प्रति लीटर अधिकतम 30 रुपये और भैस का दूध 40 रुपये पड़ रहा है जबकि निजी कंपनियां इसी दूध का किसानों को प्रति लीटर दो से चार रुपये बढ़ाकर दे रही है। जिसकी वजह से किसान संघों में कम दूध बेच रहे हैं। अकेले भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के पास मई के पहले हफ्ते में तरल रूप में सांची दूध की मांग 3.10 लाख लीटर रोज थी लेकिन आवक 2.10 लाख लीटर से लेकर 2.20 लाख लीटर ही हो रही थी। आगे यह आवक और गिरेगी। गर्मी के दिनों में गाय व भैस की दूध देने की क्षमता बारिश व ठंड की तुलना में अपेक्षाकृत कम हो जाती है। यह हर वर्ष होता है इसलिए गर्मी के दिनों में हर वर्ष दुग्ध संघों द्वारा किसानों से खरीदे जाने वाले दूध के दाम बढ़ा दिए जाते हैं। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने एक मई से खरीदी दाम 680 रुपये से बढ़ाकर 700 रुपये प्रति किलोग्राम फैट किया है। ये दाम दूसरे संघों ने काफी पहले ही बढ़ा दिए थे। किसान हर बार समय पर खरीदी दाम बढ़ाने की मांग करते रहे हैं। इस बार भी गर्मी शुरू होने से पहले दाम बढ़ाने की मांग को लेकर अड़ गए थे। सीहोर समेत अन्य जिलों में तो आठ दिन तक सहकारी समितियों में दूध नहीं बेचा था। इतना ही नहीं, किसानों की नाराजगी यह भी रहती है कि बारिश व ठंड में जब उनके पास पर्याप्त दूध होता है तब दाम कम कर दिए जाते हैं। अभी भी जो दाम दे रहे हैं वह निजी कंपनियों की तुलना में कम है। यही वजह है कि निजी कंपनियां मप्र से बड़ी मात्रा में दूध महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली में बेच देती है। किसानों को सहकारी संघों की तुलना में दाम भी अधिक देती हैं।

# MP में भी मदरसों में राष्ट्रगान अनिवार्य करने पर विचार करेंगे, इसमें बुराई क्या है - गृहमंत्री




**भोपाल ।** उत्तर प्रदेश के मदरसों में राष्ट्रगान अनिवार्य किए जाने के बाद मध्य प्रदेश सरकार भी इसे लागू करने पर विचार कर सकती है। मीडिया के साथ बातचीत में गृह मंत्री डा नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मदरसों में राष्ट्रगान होना चाहिए, इसमें बुराई क्या है। अनिवार्य किए जाने के सवाल पर डा मिश्रा ने कहा कि विचारणीय बिंदु है। इस पर विचार किया जा सकता है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में रमजान के अवकाश के बाद 12 मई से ही मदरसों में शिक्षण सत्र शुरू हुआ है। वहां योगी आदित्य नाथ सरकार ने आदेश जारी कर कहा है कि मदरसों में प्रार्थना के वक्त राष्ट्रगान अनिवार्य होगा। गृह मंत्री ने कहा कि भारत माता की स्तुति का यह गान हर स्थान पर होना चाहिए। मां को सम्मान देना सभी का धर्म है। देश सबसे पहले है। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदरसों में राष्ट्रगान अनिवार्य किया है। मैं उसके समर्थन में हूं। गृह मंत्री डा. मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रगान सभी जगह हो इसको लेकर कोई विवाद नही होना चाहिए। यह देश का गान है। जब हम देश को माता का दर्जा देते हैं तो उसकी स्तुति करना गलत कैसे हो सकता है। मां का स्थान हमेशा ही ऊंचा रहा है। सभी धर्मों में मां सम्मानीय है। इसलिए मैं मानता हूँ कि मदरसा हो या अन्य कोई भी संस्थान , राष?ट्र की स्तुति अवश्य होनी चाहिए

### राष्ट्रगान की मांग पाकिस्तान में तो करेंगे नहीं - भाजपा

मध्यप्रदेश में मदरसों में राष्ट्रगान अनिवार्य किए जाने के सवाल पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि राष्ट्रगान की मांग हम पाकिस्तान में तो नहीं कह रहे कि राष्ट्रगान कराओ। हम तो मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के अंदर, देश के कोने कोने में जहां भी शिक्षण संस्थान हैं, उसमें राष्ट्रगान हो, राष्ट्र की स्तुति हो, भारत माता की जय हो तो क्या गलत है, होना ही चाहिए। ऐसा हो रहा है, तो स्वागत योग्य निर्णय है।

# किसान वाल्मी की नैनो वॉटर शेड तकनीक से बढ़ा सकते हैं उत्पादन

### इस अवधारणा में किसान के खेत को ही वाटर शेड माना गया है एवं इसे तीन भागों में विभक्त कर विभिन्न कार्य किए जाते हैं



**भोपाल।** किसान अपने खेत की भूमि पर प्राप्त हो रहे वर्षा जल को कैसे संरक्षित रख सकते हैं एवं जल का बेहतर उपयोग कर कैसे फसलोत्पादन को बढ़ा सकते हैं, इसके लिए मध्य प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान, वाल्मी ने नैनो वाटर शेड तकनीक का नवाचार किया है। इस तकनीक का उपयोग किसानों द्वारा उनके खेत में किया जा सकता है। वाल्मी में कृषि संकाय प्रमुख डा. रविंद्र ठाकुर बताते हैं कि यदि हम अंतरराष्ट्रीय स्तर के आंकड़ें देखें तो पाएंगे कि कई देश जहां औसत वर्षा हमारे देश से कम है, जैसे कि इजराइल, वहां बेहतर जल प्रबंधन से भारत की तुलना में अधिक कृषि उत्पादन लिया जा रहा है। वाल्मी द्वारा वाटरशेड डेवलपमेंट (जलग्रहण विकास) पर अब तक माइक्रो वाटरशेड इकाई स्तर पर विकास कार्य किया जा रहा था। अब उसे और सूक्ष्म स्तर पर ले जाकर नैनो वाटर शेड की संकल्पना का प्रयोग किया जा रहा है। परिसर में रिचार्ज कान्सेप्ट तैयार किया है, जो बहुत सफल साबित हुआ है। इस अवधारणा में किसान के खेत को ही वाटर शेड माना गया है एवं इसे तीन भागों में विभक्त कर विभिन्न कार्य किए जाते हैं। पहला जोन है रिचार्जिंग, दूसरा स्टोरेज और तीसरा यूटिलाइजेशन जोन। किसान खेत के एक हिस्से में रन आफ (अपवाहित जल) बढ़ा को संरक्षित एवं उपयुक्त निकासी देकर दूसरे हिस्से में बारिश के पानी को स्टोर किया जाता है एवं तदोपरांत आधुनिक जल उपयोग दक्षता बढ़ाने वाली तकनीकों का उपयोग कर तीसरे हिस्से से बेहतरीन उत्पादन प्राप्त किया जाता है। इसके साथ ही विभिन्न आय मूलक गतिविधियों जैसे मत्स्य उत्पादन, कुक्कुट पालन इत्यादि को समावेशित किया जाता हैं। पूरा नियोजन एवं भूमि उपयोग भूमि सामर्थ्य वर्ग के आधार पर किया जाता है। यदि किसान का 10 हेक्टेयर का एरिया है तो भूमि सामर्थ्य वर्ग अनुसार वो लगभग 20 प्रतिशत हिस्से में रिचार्जिंग और 10-20 प्रतिशत स्टोरेज में उपयोग कर तीसरे जोन में मार्डन इरीगेशन तकनीक प्रयोग द्वारा जल का बेहतर उपयोग कर भरपूर उत्पादन प्राप्त कर सकता है एवं उसे सर्द और गर्म मौसम में भी भूमिगत जल भी प्राप्त हो सकता है। सलाह भी देते हैं डा. रविंद्र ठाकुर बताते हैं कि हमारे यहां %जल उपयोग दक्षता% बहुत कम यानी 30 प्रतिशत है। उदाहरण के लिए यदि किसान 100 लीटर पानी यूज करता है तो 70 लीटर पानी व्यर्थ जाता है या बह जाता है। 30 प्रतिशत पानी ही पौधे द्वारा ट्रांस्पिरेशन एवं मेटाबोलिक एक्टिविटीज में उपयोग में आता है। यदि किसान नेनो वाटर शेड तकनीक के जरिए जल उपयोग दक्षता बढ़ा दे, तो कृषि प्रोडक्शन 10 गुना तक या इससे ज्यादा भी बढ़ सकता है नैनो वाटर शेड या माइक्रो वाटर शेड को कैसे उपयोग में लाया जा सकता है। इसके लिए वाल्मी कंसल्टेंसी सर्विसेज देता है और यदि कोई व्यक्ति अपने खेत में माडल के रूप में इस तकनीक का प्रयोग करना चाहे, तो उसे सलाह दी जाती है।

# भोपाल संभाग में 3 हजार करोड़ रुपये के गेहूं की हुई खरीदी

## 16 मई आखिरी तारीख

**भोपाल।** रबी विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य निरंतर जारी है। भोपाल संभाग के सभी पांच जिलों भोपाल विदिशा, रायसेन, राजगढ़ एवं सीहोर में अभी तक 755 गेहूं उपार्जन केन्द्रों से एक लाख 80 हजार 128 किसानों से लगभग तीन हजार 318 करोड़ रुपए का 16 लाख 47 हजार 50 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। परिवहन मात्रा 16 लाख 30 हजार 466 मीट्रिक टन है जो कि 99 प्रतिशत है। जबकि डब्ल्यूएचआर 15 लाख 49 हजार 251 मीट्रिक टन है जिसका प्रतिशत 95 है। जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति शाह नरवरिया ने जानकारी दी है कि किसानों से 16 मई 2022 तक गेहूं उपार्जन किया जाएगा । सभी किसान समय सीमा में उपार्जन केन्द्र पहुंचकर गेहूं का विक्रय करें । सभी समिति प्रबंधक, गेहूं उपार्जन प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को पंजीकृत किसानों को फोन करके गेहूं उपार्जन के लिये उपार्जन केन्द्र पर बुलाने के निर्देश दिए गए हैं। भोपाल जिले में 77 उपार्जन केन्द्र पर 2015 रूपये प्रति क्विंटल की दर से चार अप्रैल से गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। जिले में 39 हजार 394 पंजीकृत किसानों में से 32 हजार 265 किसानों ने स्लाट बुक किये हैं । प्रदेश में सबसे अधिक स्लाट भोपाल जिले में बुक किये गये हैं। भोपाल जिले में 23 हजार 504 किसानों से दो लाख 30 हजार 437 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है। परिवहन मात्रा दो लाख 29 हजार 400 मीट्रिक टन है जो कि 99 प्रतिशत है। जबकि डब्ल्यू एच आर दो लाख 16 हजार 846 मीट्रिक टन है जिसका प्रतिशत 94.52 है ।




# बिजली कटौती से बेहाल सरकारी विभाग

### गर्मी के मारे दफ्तरों में नहीं बैठ पा रहे अफसर

**मुरैना।** भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती बढ़ती जा रही है। बिना किसी सूचना और मेंटेनेंस के जिला मुख्यालय पर ही बार-बार बिजली गुल हो रही है, ग्रामीण इलाकों के हालात तो बद से बदतर होते जा रहे हैं। आम ही जनता ही नहीं सरकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी ऐसे बेहाल हैं कि अपने दफ्तरों में नहीं बैठ पा रहे। गर्मी के साथ बिजली की खपत बढ़ती जा रही है। मुरैना जिले में हर रोज 250 मेगावाट बिजली की जरूरत है, लेकिन मिल पा रही है 210 से 220 मेगावाट बिजली। इस कारण जिले के किसी न किसी फीडर को बंद रखना पड़ रहा है, यही कारण है कि जिला मुख्यालय पर ही हर रोज पांच से सात घंटे बिजली कटौती हो रही है। बिजली के झटकों के कारण सरकारी विभागों में लगे एसी भी काम नहीं कर पा रहे, नतीजा दोपहर के समय अफसर अपने चेंबरों में नहीं बैठ रहे। पुलिस थानों में एफआइआर, सीसीटीएनएस पर आनलाइन दर्ज होती है।

# राजधानी में मल्टीलेवल पार्किंग का अलग-अलग होगा ठेका

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा अब तक पार्किंग एजेंसियों को 10-10 पार्किंग का ठेका दिया जाता था। लेकिन इनके संचालन करने वाले पार्किंग की राशि निगम में जमा नहीं कर रहे थे। इसको देखते हुए निगम अब अलग-अलग पार्किंग के ठेके देने जा रहा है। इसकी शुरूआत इब्राहिमपुरा की दोनों पार्किंग से की जा रही है। यह दोनों पार्किंग मल्टीलेबल हैं। पहले चटोरी गली के सामने, जबकि दूसरी मोती मस्जिद के सामने है। हाल ही में निगम ने दोनों पार्किंग ठेकेदार से लेकर अपने कब्जे मे ली हैं। दरअसल बीते लंबे समय से नगर निगम की पेड पार्किंग बाहरी कंपनियां ठेके पर ले रही थीं। निगम ने इन्हें पैकेज में दिया था। नियमानुसार हर तीन महीने में ठेके की राशि निगम में जमा करनी होती है, लेकिन कंपनियां समय पर यह राशि जमा नहीं कर रही थीं। कई बार नोटिसों के बावजूद कंपनियों ने निगम को बकाया नहीं चुकाया। इस पर निगम को ब?लैक लिस्टेड तक करना पड़ा। बार-बार हो रहे घाटे को देखते हुए निगम अब अलग-अलग पार्किंग संचालन का ठेका देने जा रहा है। इसकी शुरूआत



पुराने शहर की दो मल्टीलेबल पार्किंग से हो रही है।

### निर्धारित दर से अधिक नहीं वसूल सकेंगे

ड्राफ्ट के मुताबिक नगर निगम ने पार्किंग शुल्क भी तय कर दिए हैं। इससे अधिक राशि नहीं वसूल सकते। निगम के मुताबिक दो पहिया वाहन के लिए 2 घंटे तक के लिए 5 रुपए, दो से चार घंटे के 10 रुपए, 4 से 8 घंटे के 15 और मासिक 225 रुपए निर्धारित किए हैं। ऐसे ही चार पहिया वाहनों के लिए 2 घंटे तक के लिए 10 रुपए, 2 से 4 घंटे तक के 20, 4 से 8 घंटे के 30 और मासिक 450 रुपए निर्धारित किए गए हैं।

### स्मार्ट व अन्य पार्किंग रहेंगी निशुल्क

नगर निगम ने तय किया है कि अब नए खरीदे जाने वाले वाहनों से एकमुश्त पार्किंग शुल्क वसूला जाएगा। ऐसे में स्मार्ट व सामान्य पार्किंग निश्शुल्क घोषित की गई हैं। हालांकि मल्टीलेवल पार्किंग व प्रीमियम पार्किंग में पहले की तरह शुल्क वसूला जाएगा, इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।

# वेकोलि की कोयला खदान में हादसा, दो मजदूरों की मौत, एक घायल

**बैतूल, ।** जिले के पाथाखेड़ा में स्थित वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) की भूमिगत तवा-1 कोयला खदान में शुक्रवार रात सपोर्ट लगाते समय भारी पत्थर गिरने से दो कामगारों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पाथाखे?ा से जोगेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे तवा-1 खदान के मुहाने से पांच किमी दूर बगडोना सिम क्रास कट 57 लेवल में डेवलमेंट के समय सपोर्ट लगाया जा रहा था। इस दौरान भारी पत्थर गिर गया। पत्थर की चपेट में आने से अंबाडा निवासी सपोर्ट मजदूर चैतराम वरकड़े (30) और खैरवानी निवासी ठेका मजदूर भोला की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में मौजूद ठेका मजदूर सुनील के दाहिने पैर में चोट लगी है। दूसरी पाली में जब हादसा हुआ तब उस सेक्शन में 30 कामगार काम कर रहे थे। पत्थर हटाकर दोनों के शव बाहर निकाले गए और घायल को भी बाहर लाकर एम्बुलेंस की मदद से वेकोलि अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा नगर गौरव दिवस



*नरसिंहपुर यभाप्र। नगर गौरव व नरसिंह जयंती के तहत जिले में हो रहे तीन दिवसीय आयोजन के तहत 12 मई को सुबह से रात तक विभिन्न कार्यक्रम हुए। दोपहर में कैरम, चौपड़ आदि प्रतियोगिताएं हुई एवं शाम को लोगों ने पतंगबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। शाम को नरसिंह तालाब में बरगी नहर से नर्मदा जल के आगमन पर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना एवं महाआरती राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर नागरिकों ने भी आरती की और दीप जलाये। नरसिंह तालाब के चारों तरफ वार्डवार निवासियों ने दीपक जलाकर नगर आगमन पर मां नर्मदा का स्वागत किया। राज्यसभा सांसद श्री सोनी ने बटन दबाकर नरसिंह तालाब के फव्वारों का शुभारंभ किया। फव्वारे की रोशनी और दीपकों की झिलमिलाहट से बड़ा विहंगम दृश्य बना। यहां माहौल बहुत सुहावना, मनमोहक एवं रमणीक था। इस मौके पर रूद्राष्टक एवं नर्मदाष्टक का पाठ किया गया। रात्रि में स्टेडियम ग्राउंड पर स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें गायकों ने मधुर संगीत के बीच एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये। नगर गौरव एवं नरसिंह जयंती के आयोजन को अपने कुशल मार्गदर्शन में भव्यता प्रदान करने वाले कलेक्टर रोहित सिंह ने दिन भर आयोजित सभी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की और सभी गतिविधियों में भाग लेकर अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया।*







नरसिंह महोत्सव नगर गौरव दिवस के दूसरे दिन आज 13 मई को प्रात: 5.30 बजे से रामधुन मंडलियों की सामूहिक प्रभात फेरी निकली, इनमें विभिन्न वार्डों के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। ये प्रभात फेरी नरसिंहपुर में 6 रामधुन क्षेत्रों से निकाली गई। प्रभात फेरी ने रामधुन करते हुए नगर के विभिन्न वार्डो का भ्रमण किया। स्टेडियम ग्राउंड पहुंची रामधुन मंडली की प्रभात फेरी में विधायक जालम सिंह पटैल, कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे भी शामिल हुए और उन्होंने सभी के साथ संकीर्तन किया। पूरे शहर में उत्साह के वातावरण में प्रभात फेरियां निकाली गई।

## निकाली गई साइकिल रैली



विधायक जालम सिंह पटैल व कलेक्टर रोहित सिंह ने पीली झंडी दिखाकर स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर से साईकिल रैली को रवाना किया। साईकिल रैली में विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे भी शामिल हुए और उन्होंने साईकिल चलाई। रैली में बच्चे, युवा, बुजुर्ग, बालिकायें, महिलायें, खिलाड़ी बड़ी संख्या में शामिल हुए। साईकिल रैली स्टेडियम ग्राउंड से कलेक्टर बंगला के सामने से होते हुए गांधी चौक, उत्कृष्ट विद्यालय, जिला अस्पताल, नगर पालिका चौराहा, सुभाष चौराहा, बाहरी रोड इतवारा बाजार, अष्टांग चिकित्सालय के सामने से होते हुए सुनका चौराहा, मुशरान पार्क से सिंहपुर चौराहा, पुराना बस स्टेंड, सतीश टॉकीज, जनपद कार्यालय, कोतवाली के सामने से होते हुए वापस स्टेडियम ग्राउंड पहुंची। साईकिल रैली के समापन अवसर पर स्टेडियम ग्राउंड में विधायक श्री पटैल ने कहा कि इतनी गर्मी में नागरिक जिस उत्साह से नरसिंह जयंती के कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, वह सराहनीय है। उन्होंने बाईक रैली में अधिक से अधिक संख्या में हेलमेट लगाकर शामिल होने की अपील नागरिकों से की। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनकर बाईक चलाने से अच्छा संदेश जायेगा। हेलमेट पहनने से दुर्घटनाओं में होने वाली क्षति को रोका जा सकता है।कलेक्टर श्री सिंह ने नरसिंह महोत्सव के आगामी कार्यक्रमों में पीले वस्त्र पहनकर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने आग्रह किया कि जिले के सभी स्थानों से आकर लोग बाइक रैली में शामिल हों। उन्होंने बताया कि 13 मई को स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में शाम 7.30 बजे से आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मथुरा का प्रसिद्ध माधवाश्ज रॉक बैंड अपनी शानदार प्रस्तुति देगा। उन्होंने जिलावासियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। इसी तरह 14 मई को नरसिंह जयंती के कार्यक्रम को यादगार बनाने में सहभागी बनने की अपील कलेक्टर ने की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नरसिंह जयंती के कार्यक्रमों में नागरिक स्वयं शामिल हों और अपने परिचितों को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि नगर गौरव दिवस के कार्यक्रमों में शामिल होकर नागरिक आनंदित एवं प्रफुल्लित हो रहे हैं। इस मौके पर अपर कलेक्टर दीपक कुमार वैद्य, एसडीएम राजेश शाह, श्रीमती निशा सोनी, सुनील कोठारी, विनीत नेमा, बंटी सलूजा अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी शामिल हुए।

## नर्सेस डे पर किया जिला चिकित्सालय में नर्सों का सम्मान



**नरसिंहपुर यभाप्र।** भारतीय जनता पार्टी मप्र के आव्हान पर जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज डे पर सभी नर्सों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र फौजदार ने कहा कि कोविड काल में जो काम हमारी नर्स बहनों ने किया है बहुत प्रशंसनीय और सराहनीय है आज हम लोग उन सब का सम्मान कर के गौरांवित महसूस कर रहे हैं।

इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. अजय सोनी एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए हमारी नर्सेस बहनों का बहुत योगदान है हमारी नर्स के द्वारा किया जा रहा सेवा कार्य हमारी भारतीय संसकृति का हिस्सा है कार्यक्रम को सिविल सर्जन डॉ. अनीता अग्रवाल ने संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज डे पर सभी को शुभकामनाएं दी एवं सम्मान के लिए भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा उपाध्यक्ष रमाकांत धाकड़ एवं आभार प्रदर्शन महिला मोर्चा की नगर महामंत्री श्रीमती भारती गौरव ने किया। इस अवसर पर श्रीमती संगीता शर्मा, शिशिर दुबे, शारदा साहू, दीपक मुद्गल, महिला मोर्चा की श्रीमती बबीता नेमा, श्रीमती बबीता जाट, श्रीमती स्वाति जयसवाल, श्रीमती राखी मुदगल, नीलम दोहरे, प्रीति रैकवार एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चाकू मारने वाले आरोपी को 5 वर्ष का कारावास

**नरसिंहपुर यभाप्र।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमके शर्मा के न्यायालय द्वारा आरोपी आतिल शाह पिता तुराव शाह आयु 27 वर्ष, निवासी शांति नगर नकटुआ को धारा 326 भारतीय दंड संहिता के आरोप में 5 वर्ष सश्रम कारावास तथा 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित करने का दंडादेश पारित किया। संक्षेप में अभियोजन की कहानी इस प्रकार है कि 25 जून 2021 को रात्रि करीब 10.15 बजे प्रार्थी दानिश शाह शांति नगर नकटुआ में सेवा सरकार चिकन शाप के सामने खड़ा अपने साथियों से बातचीत कर रहा था उसी समय आरोपी आतिल आया और प्रार्थी दानिश शाह को मां बहन की गंदी गंदी गालियां देकर चाकू से दानिश के साथ मारपीट की जिससे दानिश के बाएं कंधे में गंभीर चोट पहुंची। घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना स्टेशन गंज में दर्ज कराई गई जिस पर अपराध क्र. 499/21 पंजीबद्ध हुआ। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए चित्रांश विष्णु श्रीवास्तव लोक अभियोजक ने छह अभियोजन साक्षियों का परीक्षण कराया और अपने तर्क प्रस्तुत किए।

## दुराचारी के अशियाने पर चला प्रशासन का बुल्डोजर



**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** विगत 26 अगस्त 2021 को तेंदूखेड़ा थाने के अंतर्गत ग्राम पदम (केसली) में एक 6 वर्ष की बालिका के साथ दुराचार करने वाले मुख्य आरोपी अखिलेश पिता महेश नोरिया के पदम में स्थित मकान को तेंदूखेड़ा से तहसीलदार नीता कोरी एवं एसडीओपी पुलिस श्रीमति मेहंती मरावी अपने सदल बल अमले के साथ ले जाकर जेसीबी मशीन के माध्यम से उसका आशियाना धराशायी कर दिया गया।

इस कार्यवाही के उपरांत ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार जताते हुये स्पष्ट किया है कि निश्चित तौर पर इस तरह की कार्यवाहियों से ऐसी घृणित घटनाओं पर विराम लग सकेगा। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर के समय नर्मदा नदी में नहाकर लोटे इस दुराचारी की अचानक कामवासना जागृत हो उठी और पड़ोस की इस नन्ही बालिका को बहला फुसलाकर अपने पीछे कच्चे मकान में ले गया। जहां उसके साथ दुराचार करने की स्थिति में गुप्तांग से खून आने और चीखने चिल्लाने की स्थिति में वह वहां से भाग निकला। बालिका की चीख सुनकर पड़ोसी परिजन आवाज वाली दिशा में पहुंच गए स्थिती देखकर तत्काल 100 डायल को फोन किया मौके पर पहुंची पुलिस बल ने पीड़ित बालिका को परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत महिला विशेषज्ञ डॉक्टर तेंदूखेड़ा में न होने आवश्यक चिकित्सा और गुप्तांग में गंभीर चोट आने के कारण उसे नरसिंहपुर जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। इस कार्यवाही के तुरंत जिला पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव ने तेंदूखेड़ा थाने को आवश्यक मार्गदर्शन देकर एस डी ओपी तेंदूखेड़ा के निर्देशन में फरार दुराचारी को पकड़ने चार टीमें गठित कर मुखबिरी लगाकर एवं तकनीकी माध्यमों के माध्यम से अर्द्धरात्रि में ही ग्राम खुलरी के निकट धर दबोचा था। उसके खिलाफ तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना तेन्दूखेडा में अपराध क्रमांक 362/2021 धारा 363, 366, 366-ए, 376 ए,बी भादवि एवं लैंगिक अपराधों से बालको संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5 ए एवं 6 का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने और सभी साक्ष्यों को एकत्रित कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया था। दुराचार जैसे जघन्य घृणित कार्य करने वाले आरोपी के घटना स्थल के मकान को धराशायी करने की मांग की जा रही थी। ग्राम कोटवार के प्रस्तुत आवेदन पर 29 मार्च 2022 को प्रकरण पंजीबद्ध कर पटवारी हल्का द्वारा प्रतिवेदन के माध्यम से प्रकरण में अनावेदक महेश नोरिया को सूचना कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। जहां उसके कथन भी अंकित किये गये। अनावेदक महेश नोरिया के विरूद्ध 2 मई 22 को कब्जा बेदखली आदेश पारित किया गया तथा बादग्रस्त भूमि से 3 दिवस में कब्जा हटाने बेदखली आदेश जारी किया गया था। 4 मई को तेंदूखेड़ा पुलिस थाने में प्राथमिकि भी दर्ज कराई गई थी।

## आलोक संघ से सम्मानित हुए संजय राय



**नरसिंहपुर यभाप्र।** बीते दिवस जिला मुख्यालय स्थित जरजोला रोड वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सामुदायिक भवन में आलोक संघ मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री, विधायक जालम सिंह पटेल एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र पटेल द्वारा शहर के प्रेस फोटोग्राफर संजय राय को सम्मानित किया गया।

## अंडरब्रिज की मांग को लेकर सड़कों पर आये लोग

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** इन दिनों चल रहे जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के बीचों-बीच तेंदूखेड़ा से भी फोर लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन सड़क निर्माण के दौरान मानवीय मूल्यों का बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आने वाले समय में जहां लोगों की मुसीबतें बढ़ेगी वहीं छोटे-छोटे स्कूली बच्चे और वृद्ध कहां से किस तरह से निकल पायेंगे? इस विषय को लेकर प्रभावित बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आये है, और एनएचआई के अधिकारियों को मौके पर तलब करते हुए वस्तुस्थिति से परिचित कराया है। इसी सिलसिले में गत दिवस बड़ी संख्या में तेंदूखेड़ा के सभी वर्गों के लोग राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.45 पर पहुंचे और वहां पर एन.एच.आई. के अधिकारियों से काफी लम्बे समय तक पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव और असुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

गौरतलब रहे कि इसी फोरलेन सड़क मार्ग से बालक-बालिका और आई टी आई में पढ़ने हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं आते जाते हैं वहीं खेल ग्राऊंड भी सड़क पार होने की स्थिति में सुबह-शाम वृद्ध युवा- युवती और महिलाओं का घूमने खेलने जाना आना हुआ करता है। पुलिस थाने से लेकर अधिकांश शासकीय अशासकीय विद्यालयों के अलावा औधौगिक प्रशिक्षण संस्थान वार्ड क्र. 1, 11 और 14 का रहवासी क्षेत्र है। जहां छोटे छोटे बच्चे सड़क पार करके स्कूल आते हैं वहीं अपनी दैनिक रोजमर्रा की हर जरूरत के लिए इन वार्डों के हजारों मजदूर हरिजन आदिवासी यहीं से आना जाना करते हैं। सुरक्षित आवागमन की दृष्टि से कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। कृषकों के लिए खाद बीज राशन की शासकीय दुकान भी इसी तरफहै ऐसी स्थिति में कृषकों को अपने खाद बीज राशन लाने में परेशानी होगी।

### सांसद, विधायक ने लिखे परिवहन मंत्रालय को पत्र

तेंदूखेड़ा में अंडरब्रिज के विषय को जनप्रतिनिधियों ने भी काफी गंभीरता से लिया है। और सांसद राव उदयप्रताप सिंह तथा विधायक संजय शर्मा ने भी इस विषय को जनहित से जुड़ा विषय बताते हुये स्पष्ट किया ह कि आवागमन सुविधा के साथ-साथ जनसुरक्षा भी बहुत जरूरी है। निश्चित तौर पर सभी दृष्टिकोणों को ध्यान में रखते हुये निर्माण कार्य होना चाहिए। परिवहन मंत्रालय से मानवीय मूल्यों एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभावे से एक अंडर ब्रिज बनाने के लिए अपने अपने लेटर हेड पर पत्र लिखा गया है।

### इनका कहना है

सड़क निर्माण की ड्राईंग काफी पूर्व ही निर्धारित हो जाती है। चूंकि यह विषय गंभीर भी है। सुविधा की दृष्टि से इस विषय को पूर्व में ही ध्यान में रखा जाना चाहिये था। वरिष्ठ अधिकारियों को इस विषय से अवगत कराया जायेगा। यथासंभव जो उचित होगा जनहित को ध्यान में रखकर कार्यवाही कराई जायेगी।

**पारस वंसल, डिप्टी मैनेजर एन.एच.आई.**

## सूर्य की तीव्र किरणों से जन जीवन हुआ प्रभावित

**नरसिंहपुर यभाप्र।** इन दिनों सूर्य की तीव्र किरणों से जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दोपहर के बाद लोग घरों से निकल नहीं पा रहे है। सड़के सूनी दिखाई पड़ती है। जरूरतमंद लोग ही अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिये अपने शरीर को ढककर निकलते देखे जा रहे है। इस भीषण गर्मी का असर लोंगो के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। तेज बुखार के साथ उल्टी दस्त और पेट में दर्द त्वचा में जलन जैसे मामले साममने देखने को मिल रहे है। दिनों दिन रिकार्ड तोड़ती इस गर्मी से हर वर्ग और प्राणी मात्र भी प्रभावित देखा जा रहा है। पशु पक्षी मवेशी भी वृक्षों की शीतल छांव के नीचे खड़े बैठे जा रहे है। भीषण गर्मी के चलते हो रही विभिन्न प्रकार की बीमारियों को देखते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने लोंगो को सीघे धूप के संपर्क में आने से बचने और हल्के कपड़े पहनकर निकलने की सलाह देते हुये स्पष्ट किया है कि खाली पेट विल्कुल ना रहे शरीर में पानी की कमी नहीं होनी चाहिये। ऐसे समय में लोगों को संतुलित आहार लेने के साथ साथ पकवानों से परेज करना चाहिये। अधिकांश तरल पदार्थ पोषक तत्वों का उपयोग करने की जरूरत है। तेज बुखार आने की स्थिति में ठंडे गीले कपड़े से शरीर पर लगाने के साथ तत्काल समीपी अस्पताल में डॉक्टरों की सलाह लेकर आवश्यक उपचार अवश्य कराये।

## पनागर के हरदौल मंदिर के पास कचरा ही कचरा

**पनागर**/ देश में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत गांव एवं शहरी क्षेत्रों को गंदगी से मुक्त साफ-स्वच्छ रखने के प्रति शासन द्वारा पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है, इसके बावजूद प्रताप वार्ड की बजबजाती नालियां सफाई व्यवस्था की पोल खोलती नजर आ रहीं हैं। पनागर के अधिकतर मोहल्ला साफ-सफाई के मामले में फिसड्डे साबित हो रहे हैं। नगर के मुख्य मार्ग कचराघर में तब्दील हो गए हैं। नालियों का पानी सडक पर बह रहा है जिससे राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड रहा है, तो वहीं नालियों का गंदा पानी जो सडक पर बाहन चालकों के लिये भी मुसीबत का सबब बन रहा है। अब तक कई वाहन सवार आवाजाही के दौरान फिसलन से चोटहिल हो चुके हैं। बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधी इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। बडे स्कूल के पास हरदौल मंदिर के पास कचरा ही कचरा 6 दिनों से पडा नगर के शादियों के लिए मातापूजन वाले एवं शादी के बाद देवीपूजन वाले लोग आ रहे कचरे के ऊपर से मंदिर जाकर पूजा कर रहे है प्रताप वार्ड में तो समस्या बडी गंभीर है। जहां नालियां साफ नही की जा रही है वहीं बाजार मुहल्ला वार्ड में भी कचरा के बडे-बडे ढेर लग चुके हैं। प्रताप वार्ड में बडी दुर्दशा है ठीक यही हाल अन्य बस्ती और मोहल्ले का है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पनागर की बदहाल व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सर्फाइ कर्मचारी तैनाती की मांग की है।

# शासकीय सेवकों से टोल टैक्स न लिया जावे

**पनागर**/मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नरेश शुक्ला ने यह बताया कि जिस प्रकार शासकीय वाहनों का टोल नाके पर कोई टैक्स नहीं लगता है उसी प्रकार मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शासन से यह मांग करता है की शासकीय कार्य हेतु या अपने कार्यालय जाने हेतु जो शासकीय अधिकारी और कर्मचारी अपने निजी वाहन का उपयोग करते हैं उन्हें संपूर्ण मध्यप्रदेश में टोल नाके पर टैक्स फ्री किया जावे। क्योंकि सभी अधिकारी और कर्मचारियों को शासकीय कार्य हेतु शासकीय वाहन की सुविधा उपलब्ध नहीं होती है। साथ ही तहसील स्तर पर कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी का जिला मुख्यालय पर आना जाना होता है, वर्तमान में शासन के द्वारा जिला मुख्यालय से निकलने वाले समस्त मार्गों पर टोल नाका स्थापित कर दिए गए हैं, जिनके कारण शासकीय कार्य हेतु अपने निजी वाहन का उपयोग करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को अनावश्यक अत्याधिक भुगतान करना पड़ रहा है। अत: संघ शासन से यह मांग करता है, की संपूर्ण मध्यप्रदेश में शासकीय कार्य हेतु अपने निजी वाहन का उपयोग करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को टोल नाके पर टोल टैक्स फ्री किया जावे। संघ की बैठक में नरेश शुक्ला, प्रशांत सोंधिया, अर्जुन सोमवंशी, स्वदेश जैन, ललित डेहरिया,राजेंद्र त्रिपाठी, शैलेश गौतम, रघुवीर सिंह वरकडे,आदि उपस्थित थे अध्यापक प्रकोस्ठ के मुकेश सिंह एवं नितिन अग्रवाल गगन चौबे ने जारी विगसी मे बताया की समस्त कार्मचारियो के ग्रीष्म कालीन अवकाश 1 मई से 9 जून तक घोषित हो चुके हैं स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 1 मई से 9 जून की अवधि में शिक्षको के ग्रीष्कालींन अवकाश घोषित है, इसके बावजूद डीपीआई, राज्य शिक्षा केन्द्र एवं प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रकार के नए आदेश जारी करके शिक्षको से जाति प्रमाण पत्र, यू डाइस प्रपत्र, एफ एल एन ट्रेनिंग, खेलकूद ट्रेंनिग , प्रौ ? शिक्षा एप्प , बेसिक असिसमेन्ट टेस्ट के नाम पर भीषण गर्मी में काम करवाया जा रहा है। ऐसी स्तिथि में ग्रीष्मकालीन अबकाश में शिक्षको से काम न कराने या काम के बदले अर्जित अवकाश की मांग को लेकर प्रदेश के सीएम को ज्ञापन देना आवश्यक है। ज्ञापन के पक्षधर सभी है संघ के मुकेश सिंह नितिन अग्रवाल गगन चौबे मनोज सेन् नितिन शर्मा प्रियांशु शुकला अभिषेक मिश्रा संतोष पटेल ऊमाशंकर कोरी सोनल दुबे दीपक पटेल श्याम नारायण तिवारी श्याम सुन्दर तिवारी कृष्णकांत यादव जे पी गुप्ता शुभ संदेश सिन्गौर प्रणव साहू केशोर दुबे विनिता सिंह वर्षा अग्रवाल सुनीता सोनी दीपलता ठाकुर कल्पना बर्मन अनिता सिंह वर्षा झारिया पिंकी यादव प्रमिला सोनी श्रद्धा सोनी भरत राजपूत उमराओ सिंह विनय नामदेव विष्णु पान्डे आदी ने ज्ल्द से जल्द ऐसे तुगलकी आदेश निरस्त करने की मांग शाषन से की हे अन्यथा शिक्षक प्रकोस्ठ उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होगा ..

## बोनान्ज़ा वेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च ने वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स लिमिटेड के आईपीओ को सब्सक्रिप्शन रेटिंग दी

**एजेंसी।** बोनान्ज़ा वेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च ने अपनी रिसर्च रिपोर्ट में वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स लिमिटेड के आईपीओ को सब्सक्रिप्शन रेटिंग दी है। इस आर्टिकल में पढ़िए रिसर्च में रेटिंग देने के पीछे बताए गए कारण वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स लिमिटेड के आईपीओ का प्राइस बैंड 310 से 326 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। 165ण्42 करोड़ रुपये का सार्वजनिक निर्गम 11 मईए 2022 को प्राथमिक बाजार में आने वाला है और यह 13 मईए 2022 तक बोली के लिए खुला रहेगा। कंपनी नए निर्गम के माध्यम से 165ण्42 करोड़ रुपये उत्पन्न करने के लिए कंपनी के 5ए074ए100 शेयरों की पेशकश कर रही है। कंपनी इन ?165ण्42 करोड़ का उपयोग क्षमता विस्तार और खोखले पाइपों के निर्माण परियोजना के वित्तपोषण के लिए करेगी।

वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स आईपीओ के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसारए एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 मई 2022 से शुरू होगी। एक बीडर सार्वजनिक निर्गम के लिए लॉट में आवेदन कर सकेगा और एक लॉट में कंपनी के 46 शेयर शामिल होंगे।

वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स भारत में बढ़ते स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब निर्माताओं और निर्यातकों में से एक हैए जिसके पास में स्टेनलेस स्टील ट्यूबलर उत्पादों के निर्माण में छह साल से अधिक का अनुभव है। इनकी दो व्यापक श्रेणियां हैं इनमें सीमलेस एसएस पाइप और ट्यूब और वेल्डेड एसएस पाइप और ट्यूब में स्टेनलेस स्टील ट्यूबलर उत्पाद शामिल है। इनका निर्माण कच्छए गुजरात में स्थित इसकी अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में होता हैए जो कि कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों से लगभग 55 किलोमीटर और 75 किलोमीटर दूर स्थित है।

वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स की वर्तमान उत्पादन क्षमता 10ए800 एमटीपीए हैए जिसमें से 3ए600 एमटीपीए सीमलेस एसएस पाइप और 7ए200 एमटीपीए वेल्डेड एसएस पाइप के लिए समर्पित है। इसकी सीमलेस क्षमता को 9ए600 एमटीपीए और वेल्डेड क्षमता को 14ए400 एमटीपीए तक विस्तारित करने की योजना है। नतीजतनए कुल क्षमता 10ए800 एमटीपीए से बढ़कर 24ए000 एमटीपीए हो जाएगी। नई क्षमता के 9ए600 एमटीपीए के अलावाए कंपनी खोखले पाइपों के निर्माण के लिए बैकवर्ड इंटीग्रेशन की भी तलाश कर रही है। वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स उच्च व्यास वाले वेल्डेड पाइपध्ट्यूब ;1219ण्2 मिमी तकद्ध और सीमलेस पाइप्सध्ट्यूब ;168ण्3 मिमी तकद्ध के निर्माण के लिए अपनी मौजूदा क्षमता का विस्तार कर रहा हैए ताकि इसके मुकाबले प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त किया जा सके।

# बेयरस्टो-लिविंगस्टोन के आगे बैंगलोर के गेंदबाजों ने खुद को सरेंडर किया

आईपीएल 2022 के 60वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को 54 रन से हरा दिया। इस हार के साथ बैंगलोर पर प्लेऑफ की रेस से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है, क्योंकि टीम का नेट रन रेट माइनस में है। वहीं, पंजाब ने अपने उम्मीदों को जिंदा रखा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पंजाब की टीम ने नौ विकेट गंवाकर 209 रन बनाए। पंजाब की टीम में मौजूद इंग्लैंड के दो विस्फोटक बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन ने आरसीबी के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। बेयरस्टो ने 29 गेंदों पर 66 रन और लिविंगस्टोन ने 42 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली। जवाब में बैंगलोर की टीम 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 155 रन ही बना सकी। कगिसो रबाडा और ऋषि धवन की घातक गेंदबाजी से बैंगलोर की टीम उबर नहीं सकी। रबाडा ने तीन और ऋषि धवन ने एक ही ओवर में आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस और महिपाल लोमरोर को पवेलियन भेजा।



## रबाडा-धवन ने पलटा मैच

टर्निंग प्वाइंट्स

1. महत्वपूर्ण ओपनिंग साझेदारी- बेयरस्टो और शिखर धवन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। यह इस सीजन सातवीं बार है जब किसी टीम ने बैंगलोर के खिलाफ 50 प्लस रन की ओपनिंग साझेदारी की है। बैंगलोर की टीम इस मामले में टॉप पर है। वहीं, दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस है। शिखर धवन 15 गेंदों पर 21 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, बेयरस्टो ने तूफानी पारी खेली। उन्होंने 21 गेंदों पर अर्धशतक लगाया, जो कि आईपीएल में उनके द्वारा लगाई गई फास्टेस्ट फिफ्टी है। इससे पहले 2019 में बेयरस्टो ने हैदराबाद से खेलते हुए बैंगलोर के खिलाफ ही 28 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा था। बेयरस्टो 29 गेंदों पर चार चौके और सात छक्के की मदद से 66 रन बनाकर आउट हुए।

2. मध्यक्रम में लिविंगस्टोन की तूफानी पारी- लिविंगस्टोन ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। उन्होंने 42 गेंदों पर पांच चौके और चार छक्के की मदद से 70 रन बनाए। बेयरस्टो और लिविंगस्टोन के अलावा पंजाब का कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। टीम के पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। जितेश नौ रन, हरप्रीत सात रन, राजपक्षे एक रन, ऋषि सात रन और राहुल चाहर दो रन बनाकर आउट हुए।

3. हेजलवुड की जमकर हुई धुनाई- बैंगलोर के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने चार ओवर के कोटे में 64 रन लुटाए। यह टी-20 क्रिकेट में उनके द्वारा लुटाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। इससे पहले आईपीएल 2021 में चेन्नई की ओर से खेलते हुए हेजलवुड ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 54 रन लुटाए थे। हेजलवुड बैंगलोर की ओर से इस सीजन कंसिस्टेंट परफॉर्मर रहे हैं और उनका इस मैच में न चलना बैंगलोर की हार का मुख्य कारण बना। हेजलवुड के नाम नौ मैचों में 13 विकेट हैं।

लिविंगस्टोन और मयंक

4. कोहली एकबार फिर फ्लॉप- 210 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैंगलोर की टीम के लिए जरूरी था कि विराट कोहली का बल्ला चले। पहले कुछ ओवरों में विराट ने दो चौके और एक छक्का लगाया तो लगा कि विराट कुछ स्पेशल कर सकते हैं, लेकिन फिर कगिसो रबाडा की गेंद पर वह राहुल चाहर को शॉर्ट फाइन लेग पर कैच थमा बैठे। इसके बाद कोहली का रिएक्शन देखने लायक था। कोहली एक बार फिर फेल रहे और 14 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हुए।

5. डुप्लेसिस-लोमरोर का एक ओवर में आउट होना- इसके बाद रही सही कसर ऋषि धवन ने पूरी कर दी। ऋषि ने पांचवें ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसिस और महिपाल लोमरोर दोनों को पवेलियन भेज बैंगलोर को बैकफुट पर धकेल दिया। डुप्लेसिस 10 रन और लोमरोर छह रन बनाकर आउट हुए। पंजाब के खिलाफ मैच से पहले बैंगलोर ने पावरप्ले में अच्छी बल्लेबाजी की थी। इस मैच को छोड़कर उससे पहले पिछले चार मैचों में पावरप्ले में यानी चार मैचों के 24 ओवर में बैंगलोर ने सिर्फ तीन विकेट गंवाए थे। वहीं, पंजाब के खिलाफ मैच में बैंगलोर ने पांच ओवर में ही तीन विकेट गंवा दिए।

आउट होने पर विराट का रिएक्शन

6. मैक्सवेल-कार्तिक का सस्ते में आउट होना- ग्लेन मैक्सवेल ने पंजाब के खिलाफ शुरुआत तो बेहतरीन तरीके से की, लेकिन उसे बड़ी पारी में नहीं तब्दील कर सके। मैक्सवेल 22 गेंदों पर 35 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें हरप्रीत बरार ने अर्शदीप के हाथों कैच कराया। वहीं, इस सीजन बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दिनेश कार्तिक भी मैच फिनिश वाला अपना रोल बखूबी नहीं निभा सके और 11 गेंदों पर 11 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद तो बैंगलोर की हार महज औपचारिकता रह गई थी।

दोनों कप्तानों का प्रदर्शन

पंजाब के कप्तान मयंक अग्रवाल का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मयंक के सामने एक अच्छी शुरुआत को बेहतरीन तरीके से फिनिश करने का दायित्व था। मयंक जब मैदान पर उतरे तो स्कोर 9.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन था। लिविंगस्टोन क्रीज पर मौजूद थे। ऐसे में मयंक को एंकर को रोल निभाना था, लेकिन मयंक ने आते ही आक्रामक शॉट लगाना शुरू किया। तीन चौके लगाने के बाद हर्षल पटेल ने उन्हें हसरंगा के हाथों कैच कराया। मयंक 16 गेंदों पर 19 रन बना सके। वहीं, बैंगलोर के कप्तान डुप्लेसिस भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। शानदार फॉर्म में चल रहे डुप्लेसिस के सामने पहाड़ जैसा लक्ष्य था और वह इसका दबाव नहीं झेल सके। पांचवें ओवर में ऋषि धवन की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में बल्ले का किनारा लगा बैठे और विकेटकीपर जितेश शर्मा ने उनका आसान कैच लपका। डुप्लेसिस आठ गेंदों पर दौ चौके की मदद से 10 रन बना सके।



## मस्ती करते दिखे स्टारकिड्स द आर्चीज कॉमिक्स के बॉलीवुड रूपांतरण

नई दिल्ली। शाह रुख खान की बेटी सुहाना खान जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की मोस्ट अवेटेड फिल्म द आर्चीज का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म की डायरेक्टर जोया अख्तर ने इसे द आर्चीज कॉमिक्स के बॉलीवुड रूपांतरण के तौर पर बनाया है। फिल्म के पहले पोस्ट में वेरोनिका के रूप में सुहाना खान नजर आ रही हैं। खुशी कपूर और आर्चीज के रूप में अगस्त्य नंदा नजर आ रहे हैं। जोया अख्तर की ये फिल्म बेहद दिलचस्प होगी पोस्टर देख कर कुछ ऐसा ही लग रहा है। %द आर्चीज% का निर्देशन जोया अख्तर कर रही हैं, वहीं रीमा कागती फिल्म को प्रोड्यूस कर रही हैं। पहले उम्मीद थी कि शाह रुख खान की लाडली की डेब्यू फिल्म कम से कम सिनेमा में तो रिलीज होगी ही, पर आज इसपर से पर्दा अठ गया है। %द आर्चीज% फिल्मी पर्दे पर रिलीज ना होकर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का टीजर साझा करते हुए जोया अख्तर ने लिखा, %सूरज निकल गया है, समाचार समाप्त हो गया है आओ अपने नए दोस्तों से मिलें। आपके लिए शानदार जोया अख्तर द्वारा निर्देशित द आर्चीज की कास्ट पेश कर रही हूं। इस फिल्म के पोस्टर में सुहाना खान, अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर के साथ बाकी चेहरे भी बेहद यंग और रेट्रो लुक में नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म %द आर्चीज% में अगस्त्य नंदा आर्ची एंड्रयूज, खुशी कपूर बेट्टी कपूर और सुहाना खान वेरोनिका लोज के रोल में नजर आएंगी, हालांकि, अभी इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांत लग गया है। इस लिस्ट में अब अमिताभ बच्चन भी शामिल हो गए हैं। नाती अगस्त्य नंदा की पहली फिल्म को लेकर बिग बी काफी एक्साइटेड हैं। उन्होंने अगत्या नंदा को उनके इस फिल्मी सफर की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# अगला सीजन भी खेलेंगे एमएस धोनी !



### माही ने अपने बयान से बाकी टीमों को दी चेतावनी, फ्लेमिंग ने नो डीआरएस पर दी प्रतिक्रिया

आईपीएल 2022 में अब तक दो टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं। इसमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स शामिल है। मुंबई के खिलाफ गुरुवार को मिली हार के बाद चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अगला सीजन खेलने के भी संकेत दिए हैं। साथ ही उन्होंने विपक्षी टीमों को चेतावनी भी दी है। दरअसल, मुंबई के खिलाफ चेन्नई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 97 रन पर सिमट गई थी। इसके बाद मुंबई की टीम ने 15वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था। धोनी ने मैच के बाद कहा कि विकेट चाहे कैसा भी हो 130 से नीचे किसी भी स्कोर को डिफेंड करना मुश्किल होता है। हालांकि, हमारे गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की। धोनी ने कहा- मुंबई की पारी शुरू होने से पहले मैंने अपने गेंदबाजों से रिजल्ट के बारे में भूल जाने के लिए कहा था। दोनों युवा तेज गेंदबाजों ने वाकई अच्छी गेंदबाजी की और मुझे लगता है कि इस तरह के खेल से जरूर उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। हम ऐसे दौर से गुजरे हैं जहां हमारे पास कोई सीजन की शुरुआत में कोई खास तेज गेंदबाज मौजूद नहीं था। धोनी ने कहा- मुझे लगता है कि तेज गेंदबाजों को परिपक्व होने में समय लगता है। यदि आप भाग्यशाली हैं तो आपको कोई ऐसा मिल जाता है, जो छह महीने के समय में सभी प्रारूपों में खेल सकता है और यही आईपीएल कर रहा है। यह नए गेंदबाजों के लिए एक अवसर है। वे अब थोड़ी साहसी गेंदबाजी करते हैं, जो इस तरह के प्रारूप में बहुत महत्वपूर्ण है। कुछ खिलाड़ी अपनी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने से पहले अपना समय लेते हैं। टीम ने इस दौरान तीन विकेट गंवा दिए थे। फ्लेमिंग ने मैच के बाद कहा- यह थोड़ा दुर्भाग्यपूर्ण था कि उस समय ऐसा हुआ। हम थोड़ा निराश थे, लेकिन यह भी खेल का हिस्सा है। उस समय कुछ फैसले हमारे पक्ष में नहीं गए। निश्चित तौर पर यह हमारे लिये अच्छी शुरुआत नहीं थी।

# रजत पाटीदार के छक्के से फैन चोटिल

### स्टेडियम में बैठे बुजुर्ग के सिर पर लगी गेंद



आईपीएल 2022 में शुक्रवार के दिन पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 54 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही पंजाब ने अपने प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखी हैं। पंजाब की इस जीत के साथ ही आरसीबी के लिए आखिरी मुकाबला करो या मरो का हो गया है। यह मैच हारने पर बैंगलोर की टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाएगी। बैंगलोर के खिलाफ पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 209 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में आरसीबी की टीम सिर्फ 155 रन बना पाई और मैच हार गई। 210 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बैंगलोर की शुरुआत कुछ खास नहीं थी और टीम का पहला विकेट 33 रन पर गिर गया था। एक ओवर बाद ही टीम के कप्तान फाफ डुप्लेसिस भी आउट हो गए। इसके बाद रजत पाटीदार ने मोर्चा संभाला, लेकिन वो भी अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। हालांकि, उन्होंने अपने छक्के से एक बुजुर्ग फैन को चोटिल जरूर कर दिया।

### नौवें ओवर में हुई घटना

आरसीबी की पारी का नौवां ओवर हरप्रीत बरार कर रहे थे। टीम के तीन विकेट गिर चुके थे और मैक्सवेल के साथ रजत पाटीदार बल्लेबाजी कर रहे थे। ओवर की चौथी गेंद पर पाटीदार ने शानदार छक्का लगाया। गेंद उनके बल्ले से लगने के बाद सीधे 102 मीटर दूर स्टेडियम में गिरी। यहां एक बुजुर्ग फैन बैठे हुए थे, जो गेंद को नहीं पकड़ सके और गेंद सीधे उनके सिर पर लगी। हालांकि, राहत की बात यह रही कि उनकी गंभीर चोट नहीं लगी। गेंद लगने के बाद उनके पास बैठी महिला ने उनका सिर सहलाया और यह सुनिश्चित किया कि उन्हें ज्यादा चोट न लगी हो। बुजुर्ग को गंभीर चोट नहीं आई थी और मैच आगे चलता रहा। हालांकि, पाटीदार इसके दो ओवर बाद ही आउट हो गए। उन्होंने 21 गेंद में 26 रन बनाए और राहुल चाहर की गेंद पर शिखर धवन को कैच देकर आउट हुए। पाटीदार के आउट होने के बाद आरसीबी की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और अंत में नौ विकेट के नुकसान पर सिर्फ 155 रन ही बना पाई।

# मानुषी बनेंगी 'पृथ्वीराज' की संयोगिता



'पृथ्वीराज' यशराज बैनर के तले मिली और आदित्य चोपड़ा ने खुद मानुषी को प्रशिक्षित किया है



2016 में मानुषी ने कॉलेज कैंपस में एक कॉन्टेस्ट में हिस्सा लिया और फाइनलिस्ट बनीं। अगले साल उन्हें फेमिना मिस इंडिया में हरियाणा को रिप्रेजेंट करने का मौका मिला। मिस इंडिया का खिताब जीतने के बाद मानुषी ने पढ़ाई से एक साल का ब्रेक लिया और मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का हिस्सा बनने चीन के सनाया पहुंचीं। फाइनल राउंड में मानुषी के जवाब ने उनके सिर मिस वर्ल्ड का ताज सजा दिया।




दरअसल, उनसे पूछा गया था कि दुनिया में सबसे ज्यादा सैलरी किसको दी जानी चाहिए। इस पर मानुषी ने कहा था कि मेरे हिसाब से मां को सबसे ज्यादा सैलरी मिलनी चाहिए क्योंकि मां अपने बच्चों के लिए बिना संकोच किए बलिदान देती है। यह केवल सैलरी नहीं प्यार और सम्मान के बारे में है। अब मानुषी छिल्लर बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। उन्हें पहली ही फिल्म 'पृथ्वीराज' यशराज बैनर के तले मिली और आदित्य चोपड़ा ने खुद मानुषी को प्रशिक्षित किया है। इस फिल्म में वह राजकुमारी संयोगिता का किरदार निभा रही हैं और अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती दिखाई देंगी। फिल्म 3 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार हैं।

# सलमान खान ने शुरू की कभी ईद कभी दीवाली की शूटिंग?



नई दिल्ली। बॉलीवुड के दबंग सलमान खान अपनी फिल्मों को लेकर काफी सुर्खियों में रहते हैं। इन दिनों वो अपनी फिल्म कभी ईद कभी दीवाली को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब जानकारी आ रही हैं कि सलमान खान ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की शूटिंग शुरू करने की जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्रा पर एक तस्वीर साझा कर दी है। इस तस्वीर में वो काफी अलग अंदाज में दिख रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया है कि, उन्होंने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शूरू कर दी है। लेकिन उन्होंने फिल्म के नाम को लेकर खुलासा नहीं किया है। वहीं, कई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने हाल ही में कभी ईद कभी दीवाली की शूटिंग मुंबई स्थित विले पार्ले में स्थापिट सेट पर कभी ईद कभी दीवाली की शूटिंग शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सलमान खान इस विशेष शेड्यूल में अपनी विशेषता एक्शन-ओरिएंटेड सीक्वेंस की शूटिग कर रहे हैं और कुछ दिनों बाद शूटिंग में तेलुगु स्टार वेंकटेश दग्गुबाती के शामिल होने की भी उम्मीद है। फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सलमान खान के साथ उनके जीजू आयुष शर्मा, जहीर इकबाल और शहनाज गिल मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। सलमान, आयुष के अलावा कभी ईद कभी दीवाली में साउथ सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती, एक्ट्रेस पूजा हेगडे भी अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। हाल ही में सलमान खान की फिल्म कभी ईद कभी दिवाली की रिलीज को लेकर भी खबरें आईं थीं, जिसमें दावा किया गया था कि अगले साल यानी 2023 को ईद को मौके रिलीज होगी। हालांकि फिल्म की रिलीज को लेकर अभी फिल्म निर्माताओं ने कोई भी जानकारी शेयर की है।

### इन फिल्मों में भी नजर आएंगे सलमान खान

वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो इस साल बैक-टू-बैक कई फिल्मों में नजर वो जल्द ही टाइगर फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म टाइगर 3 के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग को शुरू कर सकते हैं। इस फिल्म में वो रॉ एजेंट के किरदार में नजर आ सकते हैं, जबकि कटरीना आईएसआई एजेंट ज़ोया का किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी। इसके अलावा सलमान खान पठान, बजरंगी भाईजान 2 में भी नजर आने वाले हैं।

# अथाह जल के किनारे बसे फिर भी कंठ प्यासे

# भजन-कीर्तन कर ग्रामीणों ने कहा, हे ईश्वर आप ही सहारा सरकार-प्रशासन तो सो गया



**जबलपुर यशभारत।** पानी में रहकर भी मछली प्यासी. कुछ यही हाल जबलपुर के बरगी इलाके का है। बड़ी आबादी को पानी पिलाने वाले बरगी के ग्रामीण इलाकों के लोग डैम के किनारे प्यासे बैठे हैं। बरगी डैम के कारण विस्थापित किए गए लोग ही पानी के लिए परेशान हैं। भीषण गर्मी में जल संकट ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण क्षेत्र में आ रही है। जबलपुर के बरगी में भीषण जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण अब ईश्वर से प्रार्थना में जुट गए हैं क्योंकि उन्हें सरकार और प्रशासन से कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

जबलपुर के बरगी विधानसभा क्षेत्र के जनपद शहपुरा और जनपद जबलपुर में आने वाले सैकड़ों गांव के लोग पीने के पानी के लिए कई वर्षों से जद्दोजहद कर रहे हैं। इस इलाके के चिरापौंडी, नवीन देवरी, दुर्गा नगर, तिन्हेंटा सहित ऐसे सैकड़ों गांव हैं जहां गांव वाले कुएं का गंदा कीचड़ भरा पानी पीने पर मजबूर हैं.।





इतना ही नहीं 30 से 35 साल पहले बने बरगी बांध के विस्थापित दुर्गा नगर में रहने वाले तीन जिलों के ग्रामीणों को इतने साल बीत जाने के बाद भी पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ नही मिल पा रहा है।

## सरकार को जगाने भजन-कीर्तन

गांव वालों की इस विकट समस्या पर न सरकार ध्यान देती है न स्थानीय अफसर और नेता। इसलिए अब उन्हें भगवान का ही भरोसा है, गांव वाले गांव के बाहर बने देवालय पर भजन कीर्तन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है हम भगवान के साथ स्थानीय जिला प्रशासन को जगाने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं ताकि विस्थापितों को पानी मिल सके. यही हालात बरगी क्षेत्र के लगभग हर एक गांव के बने हुए हैं। जहां एक कुएं के भरोसे 500 से 600 परिवार हैं. उसी कुएं का पानी कई गांव के लोगों की प्यास बुझाता है।

## बरसों पुरानी समस्या

बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय यादव का कहना है क्षेत्र में जल संकट आज की नहीं है बल्कि कई बरसों की समस्या है. गांव वाले अरसे से ऐसे ही जल संकट से जूझ रहे हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद सरकार ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है, इधर जिला प्रशासन का कहना है जिन ग्रामीण इलाकों में जल संकट है वहां पर नहरों और टैंकों के जरिए पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

# मोहनिया में कुख्यात आरोपी राघव के कब्जे से 30 लाख की शासकीय भूमि कब्जा मुक्त





**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के मोहनिया में कुख्यात आरोपी राघव भूषण ने 30 लाख रूपये कीमती शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर, 10 लाख की लागत से अवैध निर्माण कार्य कर रहा था। जिसके चलते आज शनिवार को पुलिस प्रशासन और ननि के अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई करते हुए भूमि कब्जा मुक्त कर, निर्माण को जमीदोज कर दिया।

जानकारी अनुसार शातिर बदमाश राघव भूषण उर्फ मोन्टी सोलंकी के खिलाफ 2 हत्या, 2 हत्या का प्रयास सहित अवैध वसूली, बलवा कर मारपीट, आर्म्स एक्ट, छेड़छाड़ आदि के 14 प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी ने 10 लाख रूपये की लागत से निर्मित अवैध निमार्ण को कार्रवाई के दौरान जमींदोज करते हुये लगभग 3600 वर्ग फुट शासकीय भूमि कीमती 30 लाख रूपये की कब्जा मुक्त कराई गयी। मध्य प्रदेश शासन द्वारा राशन की काला बाजारी, मिलावटखोरों, भू-माफिआओं/चिटफंड कंपनी के कारोबारियों एवं सूदखोरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश प्रशासन व पुलिस विभाग को दिये गये हैं, दिये गए निदेर्शों के तहत पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा आज 14 मई 2022 को कलेक्टरडॉ. इलैयाराजा टी. एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा तथा नगर निगम कमिश्नर आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में राघव भूषण उर्फ मोन्टी सोलंकी पिता लक्ष्मण सोलंकी 33 वर्ष निवासी संजय नगर कालानी रांझी के खिलाफ सीधी कार्रवाई की गई। आरोपी शातिर अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके विरूद्ध 2 हत्या, 2 हत्या का प्रयास सहित अवैध वसूली, बलवा कर मारपीट, आर्म्स एक्ट छेडछाड आदि के 14 प्रकरण थाना रांझी, सिविललाइन, अधारताल, मदनमहल, बरेला में दर्ज हैं ।

## कब्जा कर, कर रहा था निर्माण कार्य

ग्राम मोहनिया स्थित खसरा नम्बर 276 के रकबा 3600 वर्गफुट शासकीय भूमि जिसकी अनुमानित कीमत 30 लाख रूपये है । जिसपर 10 लाख रूपये की लागत से निमार्ण कर अवैध कब्जा किया गया था। जिसे टीम के द्वारा जमींदोज करते हुये कब्जा मुक्त कराया गया है।

## प्लेटफार्म नंबर -6 में हुई हत्या का खुलासा

# पत्नी से अवैध संबंध और चोरी के शक में किया था युवक का मर्डर

**जबलपुर, यशभारत।** प्लेट फार्म नंबर 6 में हुई अंधी हत्या की गुत्थी रेलवे पुलिस ने सुलझाते हुए आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे मामले में आरोपी पति को शक था कि मृतक के उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध थे। इतना ही नहीं मृतक ने आरोपी के घर से कीमती कागजाद और रुपयों की भी चोरी की थी। जिसके बाद बढ़े फसाद में आरोपी दंपत्ति ने सिर में पत्थर पटककर युवक को मौत के घाट उतार दिया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार रेलवे पुलिस ने बताया कि 12 मई 2022 को सूचना प्राप्त हुई कि प्लेट फार्म नम्बर 6 पर अज्ञात व्यक्तियों व्दारा अज्ञात एक व्यक्ति के सिर पत्थर पटकर हत्या कर दी गई है। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर जीआरपी थाना प्रभारी अनिल मरावी तथा कुण्ड़ीपुरा थाना प्रभारी टी.डी. धावेज़ अपने स्टाफके साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया । जिला बल छिन्दवाड़ा से डाक स्काट टीम तथा फोरेंसिक टीम मौके पर मुआयना किया व अंधे हत्याकांट को सुलझाने है पुलिस



अधीक्षक विवेक अग्रवाल छिन्दवाड़ा व पुलिस अधीक्षक रेल श्री वमाज़ व्दारा टीम गठित कर आवश्यक निदेज़्श दिये गये। घटना स्थल के सामने शराब की दुकान हैं जिससे यह लग रहा था कि मृतक व आरोपी दोनों शराब पिये होंगे और घटना को अंजाम दिये होंगे। इसी बात को लेकर एक टीम शराब की दुकान तथा आसपास अंडे ठेले व गुपचुप लगे ठेलो से पूछताछ की गई तो पता चला कि इरशाद व आकाश दोनों शराब पीके आंतक मचाते रहे। यह भी सूचना प्राप्त हुई कि दोनों व्यक्ति ट्रेनों में भी अपराध करने की फिराक में घूम रहे हैं। इरशाद व आकाश दोनों चोरी व बदमाशी करने का काम कर रहे हैं। पुलिस को शंका हुई कि इस हत्याकांट में इरशाद हो सकता हैं।

**आरोपी दंपत्ति को दबोचा**

पुलिस ने बताया कि इरशाद व उसकी पत्नि को तलाश कर दबोचा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि मृतक आकाश का हमारे घर में आना-जाना था। मृतक आकाश ने घर से पास बुक आधार काडज़ व कुछ पैसे चोरी कर लिये थे। तथा इरशाद को मृतक आकाश के ऊपर पत्नि के साथ ज्यादती करने का शक था। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और तीनों इशशाद मृतक आकाश व पूजा भावरकर विवाद करते हुये प्लेट फामज़ क्रमांक 6 की तरफ गये और दोनों ने मिलकर आकाश को जमीन पर पटका। जिससे वह बेहोश हो गया और पटरी के तरफरखा बड़ा पत्थर 28 किलो 300 ग्राम का उठाकर उसके सिर पर मारा ।

# पत्नी के बाप को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा रोते हुए थाने पहुंचा पीड़ित



**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल के आईटीआई में दामाद और ससुर की घरेलु विवाद को लेकर कहासुनी हो गयी। जिसके बाद दामाद ने ससुर को दौड़ा-दौड़ाकर जमकर मारपीट कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि फागू लाल चौधरी निवासी आईटीआई माढोताल ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि रांझी निवासी दामाद संजय रैदास 25 वर्ष निवासी रांझी घर में आकर गालीगलौच करने लगा। जब उसने विरोध किया तो जमकर विवाद करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।



















































# ईंट-भट्टे में काम कर रहे अधेड़ ने लगाई फांसी

**जबलपुर यश भारत।** चरगवां के भिडकी ग्राम के पास 45 वर्षीय अधेड़ फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। जब आसपास के लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। जिसके बाद घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई । मौजूद लोगों द्वारा इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई । सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि तिलवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देवरी ग्राम का रहने वाला 43 वषीज़्य नेतराम उफज़् नीतू पिता सोखेलाल भुमिया अपने परिवार के साथ भिड़की ग्राम में किसी के यहां ईंट भट्टे में काम करता था वह काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )